# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026




# AB ZINDAGI MEIN EK NAYA ELEGANCE HOGA

An elegant residential sanctuary enriched with contemporary amenities, Anandam Eleganza is a pristine development at Sondongari-Hirapur offering a harmonious living environment and seamless workplace access. A landmark project, it will redefine opulent luxury in the region.
Come, choose a better life for yourself and your family.

INTRODUCING

ANANDAM
Eleganza




ENJOY THE ELEGANCE OF A PREMIUM LIFESTYLE.




All images used are artistic impression.

A NEW PROJECT BY THE CREATORS OF ANANDAM WORLDCITY.

97521 44441 / 44447 / 4448

REGN. NO.: PCGRERA131025001979
(https://rera.cgstate.gov.in)

Site Address: Beside Loha Market, Sondongari Main Road, Raipur, Chhattisgarh.

CREDAI CHHATTISGARH

ATUL PUBLICITY

ANOTHER IDEA

Note: All the plans, drawings, facilities, etc. are subject to the approval of the respective authorities and would be changed if necessary. The discretion remains with the developer. All renderings and maps are artist's conception and not actual depiction of the walls, driveways or landscaping and the developer reserves the right to make changes at any time, without notice or obligation, to the information contained in this advertisement.

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



आनंद का सच्चा भाव®

18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹114621/-

22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹139990/-

24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹152813/-

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply





पीएम ने की परीक्षा पर चर्चा, रायपुर के छात्र ने पूछे एआई पर सवाल

# गुरु मंत्र...पढ़ाई का मूल पैटर्न कभी न छोड़ें पर सुझावों को भी न करें नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

पीएम मोदी ने देशभर के बच्चों से परीक्षा पर चर्चा की। इस दौरान रायपुर के आरडी तिवारी शासकीय इंग्लिश माध्यम विद्यालय के छात्र ऐश्वर्य सेन ने पीएम मोदी से मुलाकात की। छात्र का चयन परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के लिए किया गया था। इस खास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से सीधे संवाद किया। प्रदेश के विद्यालयों में प्रोजेक्टर के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण किया गया। गौरतलब है कि परीक्षा पे चर्चा संवाद के पूर्व ही छग ने पंजीयन में अपना रिकॉर्ड बना लिया था। छग उक्त कार्यक्रम के लिए सर्वाधिक पंजीयन वाला राज्य बना था।

हर बार की तरह इस बार भी वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हुए छात्रों का सबसे पसंदीदा संवाद यानी 'परीक्षा पे चर्चा-2026' के नौवें संस्करण के पहले एपिसोड का शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर आयोजन किया गया। देश के अलग-अलग राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों से आए कुल 37 छात्रों को पीएम ने परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को छू मंतर कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए जरूरी सुझाव दिए। साथ ही उन्होंने उन जरूरी सावधानियों ▶▶|शेष पेज 5 पर

प्रधानमंत्री ने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा है कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता अर्थात एआई का उपयोग पढ़ाई के नोट्स या सारांश बनाने में कर सकते हैं। एआई से सुझाव लेकर अपनी समझ और सोच को और बेहतर बनाया जा सकता है। तकनीक से लक्ष्य जल्दी नहीं मिल जाता, लेकिन यह पढ़ाई में एक मजबूत सहायक जरूर बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ये टिप्स राजधानी रायपुर के एक छात्र के सवाल के जवाब में दिए।

## सुझाव सुनो, अपना मूल पैटर्न मत छोड़ो

प्रधानमंत्री ने सुझाव देते हुए छात्रों से कहा कि आपका पढ़ाई का जो तरीका है। उस पर पूरी तरह से भरोसा करें। हालांकि जो भी सुझाव आपको मिलते हैं। उन्हें भी ध्यान से सुनने और समझने की कोशिश करें। फिर आपको लगे कि अगर दूसरे के सुझाव को मानने से आपका अध्ययन का तरीका और बेहतर बनता है। तो उसे जरूर स्वीकार करें। लेकिन किसी के कहने पर नहीं, अपने अनुभव से ही ऐसा करें। अपने मूल पैटर्न को कभी न छोड़ें। उन्होंने बताया कि जब मैंने परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत की थी। तब इसका एक पैटर्न था। अब धीरे-धीरे मैं इसमें सुधार करता जा रहा हूं।



## 75 का हो गया, 25 अभी बाकी हैं

प्रधानमंत्री ने छात्रों से बातचीत में कहा, पिछले साल 17 सितंबर को मेरे जन्मदिन के दिन एक नेता ने मुझे फोन किया और कहा कि आप तो 75 साल के हो गए हैं। तो जवाब में मैंने कहा कि अभी 25 साल बाकी बचे हुए हैं। मैं बीते हुए को नहीं बल्कि बाकी बचे हुए को गिनता हूं। इसलिए जीवन में, मैं आपको भी कहता हूं कि जो बीत गया है, उसकी गिनती में समय बर्बाद मत कीजिए। जो बचा है।

## 12वीं को प्राथमिकता देनी चाहिए

पंजाब से आई एकम कौर के बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाओं के एक समय पर होने से उठने वाले तनाव को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछा, जवाब में उन्होंने कहा, आपकी ये चिंता सही है। लेकिन मेरा आग्रह रहेगा कि आपको पहली प्राथमिकता 12वीं को देनी पड़ेगी। लेकिन हमने एक विद्यार्थी के रूप में जो मेरी उम्र से, कक्षा से जुड़े सिलेबस को आत्मसात किया है।

## ऑनलाइन गेमिंग में ढूंढे बेस्ट क्वालिटी

एक छात्र ने ऑनलाइन गेमिंग को लेकर अपनी रुचि और उसमें करियर बनाने पर सवाल किया। जिसे लेकर पीएम मोदी ने कहा, भारत में कई कथा-कहानियां भरी हुई हैं। आप किसी विषय को लेकर गेम बना सकते हैं। जैसे हनुमान जी की कथा, अभिमन्यु की घटना जैसी कई चीजें हैं, जिन पर काम हो सकता है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा, गेमिंग में रुचि अच्छी चीज है। आप कभी संकोच मत कीजिए। लेकिन टाइम पास और देश में डाटा सस्ते होने की वजह से बस मस्ती के लिए नहीं खेलना चाहिए।

## आधी-अधूरी शिक्षा का महत्व नहीं

प्रधानमंत्री ने छात्रों से कहा कि छात्रों के लिए शिक्षा मजबूरी या बोझ की तरह नहीं होनी चाहिए। बल्कि इसमें हमारी पूरी भागीदारी होनी चाहिए। अगर ऐसा नहीं है तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। उस पर ध्यान देने के बजाय ये देखें कि मेरा जीवन कहां पहुंचा और उसके लिए लगातार अपने आप को क्लास रूम या परीक्षा हॉल में नहीं बल्कि जीवन की कसौटी पर कसते रहना चाहिए।

एक जवान शहीद, दो को लगी गोली

# मुठभेड़ में कमांडो ने ढेर किए 7 माओवादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिला के जंगल में बीते तीन दिनों से चल रहे एंटी नक्सल अभियान में C60 कमांडो और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ मे। अब तक चार पुरुष ती महिला समेत सात नक्सली मारे गए है वहीं एक सी 60 कमांडो शहीद हो गए हैं अन्य दो जवानों को इस मुठभेड़ मे गोली लगी है घायल जवानों को घटना स्थल से हेलीकॉप्टर से गढचिरौली मुख्यालय पहुंचाया गया है।



उल्लेखनीय हैं कि जिले से सटे महारष्ट्र के गढ़चिरौली बस्तर सीमा क्षेत्र में C60 कमांडो और नक्सलियों के बीच बीते तीन दिनों से लगातार भीषण मुठभेड़ जारी है, जिसमें महाराष्ट्र सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। अब तक इस मुठभेड़ में 4 पुरुष और 3 महिला समेत 7 नक्सली मारे जाने की पुष्टि हुई है। वहीं सी-60 जवान दीपक चिन्ना मदवी, उम्र 38 वर्ष निवासी मंदरा, दमारंचा, तालुका अहेरी को आज सुबह घने जंगल से नाजुक हालात मे हेलीकॉप्टर की मदद से उपजिला अस्पताल भामरागढ़ लाया गया। लेकिन वे शहीद हो गए।उक्त अभियान के दौरान, दो अन्य ▶▶|शेष पेज 5 पर

## शव के साथ बरामद हुआ घातक हथियार

*एनकाउंटर में कंपनी नंबर 10 के 25 लाख के इनामी नक्सली कमांडर प्रभाकर, कमारेड्डी तेलंगाना मारे गए है , मुठभेड़ स्थल से 3 **AK**-47 एक एसएलआर राइफल, एक303रायफल सहित कुल 5 नक्सलियों की बारामद किया गया है।*

## नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई

*हालांकि इस कार्रवाई के दौरान 60 के तीन जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें एक कमांडो की मौत हो गई है दो कि प्राथमिक उपचार के बाद उचित चिकित्सा के लिए गढचिरौली मुख्यालय भेजे गये है घायल जवानों की हालत स्थिर बताई जा रही है। बुधवार से अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चल रहा यह ऑपरेशन निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। सुरक्षाबल लगातार सर्चिंग और एरिया डॉमिनेशन अभियान चला रहे हैं। अबूझमाड़ और गढ़चिरौली से लगे सीमावर्ती जंगलों में चल रही इस मुठभेड़ पर उच्च अधिकारियों की सतत निगरानी है।*

मृतक स्कालर्स स्कूल में आठवीं की पढ़ाई कर रहा था

# पुलिस वाहन की चपेट में आने से स्कूली छात्र की मौत, बहन गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मुख्यमंत्री निवास के सामने छत्तीसगढ़ क्लब के पास अपनी छोटी बहन के साथ ई-स्कूटर पर स्कूल जा रहे स्कालर्स स्कूल में पढ़ने वाले छात्र अंश अठवानी की सड़क दुर्घटना में शुक्रवार सुबह दर्दनाक मौत हो गई। घटना स्थल पर उपस्थित लोगों के अनुसार ट्रैफिक पुलिस के टो वाहन की चपेट में आने के बाद मृतक छात्र करीब 30 मीटर तक घिसटता चला गया। मौके पर जब तक लोग पहुंचते, टो वाहन का चालक गाड़ी ▶▶|शेष पेज 5 पर

राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद भी होंगे शामिल

# राष्ट्रपति आज आएंगी, बस्तर पंडुम का करेंगी उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आदिवासी संस्कृति का महाकुंभ बस्तर पण्डुम-2026 का शनिवार को शुभारंभ करेंगी। संभाग स्तरीय बस्तर पण्डुम 9 फरवरी तक आ यो जि त होगा। जनजातीय समाज के यह तीन दिवसीय सांस्कृतिक महाकुंभ जनजातीय जीवनशैली, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक विरासत सहेजने और प्रदर्शित करने का पर्व है। बस्तर पण्डुम लोककला और संस्कृति तथा स्थानीय परंपराओं से जुड़ा उत्सव है। यह उत्सव बस्तर जनजातीय बस्तर पण्डुम जानजातीय समुदाय की पहचान, गौरव और उनकी समृद्ध परंपरा को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। इस उत्सव के माध्यम से बस्तर अंचल की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।




छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय एवं लोक संस्कृति महोत्सव बस्तर ▶▶|शेष पेज 5 पर

## आज आएंगे शाह

### समापन पर होंगे शामिल, उससे पहले नक्सलवाद पर बैठक

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने की डेडलाइन को अब दो माह से भी कम समय बचे हैं। नक्सलवाद को लेकर निर्णायक फैसला करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री राजधानी रायपुर में रविवार को बड़ी बैठक करने वाले हैं। इस बैठक के लिए एक दिन पहले* ▶▶|शेष पेज 5 पर






दुर्ग में सरकार.... राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में दिशा निर्देश

# 31 तक छग नक्सल मुक्त, 9 हजार सरकारी स्कूलों में बनेंगे स्मार्ट क्लास

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को दुर्ग के प्रवास पर थे। उन्होंने राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक दुर्ग के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में ली। बैठक में चलाई जा रही योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों, विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। राज्य के पिछड़ा वर्ग वाले 35 विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मंत्री गजेंद्र यादव ने उन्हें अवगत कराया कि प्रदेश के 9 हजार हायर सेकंडरी और हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा मिशन के अंतर्गत यह कार्य शुरू किया गया है। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई ▶▶|शेष पेज 5 पर



## अधूरे कामों को पूरा करने दो माह का समय

*बैठक में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 तक स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रगति की स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने ऐसे विकास कार्य जो अब तक अप्रारंभ हैं अथवा प्रगतिरत हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए दो माह की समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।*

## निवेशकों को राहत

*सीएम साय की उपस्थिति में यश चिटफंड कंपनी के निवेशकों को उनके द्वारा निवेश किए गए राशि का चेक भेंट किया गया। इसके अंतर्गत 4601 हितग्राहियों को 7.38 करोड़ की राशि का चेक प्रदाय किया गया। प्रतीक स्वरूप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हितग्राहियों को लाभांवित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन आमजनों के हित के साथ कदम मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि आमजनों के साथ धोखाधड़ी करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। भ्रष्ट व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

# चीन जा रहे शिप से लापता हुआ मर्चेंट नेवी का ट्रेनी ऑफिसर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओडिशा के भद्रक जिले का एक ट्रेनी मर्चेंट नेवी ऑफिसर समुद्र में लापता हो गया। मर्चेंट नेवी में 'डेक कैडेट' के पद पर कार्यरत सार्थक मोहापात्रा, 'ईए जर्सी' नामक शिप पर ड्यूटी के दौरान समुद्र में लापता हो गए हैं। उनके परिवार ने ओडिशा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

5 फरवरी को भुवनेश्वर के शहीदनगर पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सार्थक मोहापात्रा जुलाई 2025 से एक निजी शिपिंग कंपनी में काम कर रहे थे। उनके परिवार के अनुसार, भद्रक जिले के केशपुर क्षेत्र के रहने वाले मोहापात्रा मुंबई की जहाज प्रबंधन कंपनी में कार्यरत थे। मॉरीशस से चीन लौटते समय एक जहाज पर ड्यूटी के दौरान लापता हो गए। उनकी मां ने इस संबंध में ओडिशा के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उनका परिवार केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग उठाई।

सार्थक की मां रश्मिता मोहापात्रा के मुताबिक, जहाज चीन से पश्चिम अफ्रीका गया था और सिंगापुर होते हुए चीन लौट रहा था। उन्होंने कहा कि सार्थक ने 2 फरवरी को मुझसे और परिवार के दूसरे सदस्यों और दोस्तों से बात की थी। उन्होंने कहा कि हम उसके लापता होने से बहुत दुखी हैं और केंद्र और राज्य सरकारों से तुरंत दखल देने का अनुरोध करते हैं।

**2 फरवरी को परिवार से हुई थी आखिरी बार बात**

**परिवार ने मांगी विदेश मंत्रालय से की मदद की अपील**



### एंग्लो ईस्टर्न कंपनी में कर रहा था इंटर्नशिप

न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सार्थक के दोस्त सास्वत ने कहा, 'हम लगातार संपर्क में थे। वह एंग्लो ईस्टर्न कंपनी में इंटर्नशिप कर रहा था और साथ ही साथ डीएनएस (समुद्री विज्ञान में डिप्लोमा) भी कर रहा था। हमारी आखिरी बातचीत 2 फरवरी को हुई थी। उसने सामान्य तरीके से बात की, मेरा हालचाल पूछा, मेरी मां कैसी हैं पूछा। उसके बाद, हमें 3 फरवरी को सूचना मिली कि वह उस सुबह 6 बजे से लापता है।'

### प्रधानमंत्री, सीएम से लगाई मदद की गुहार

*सार्थक की मां ने कहा कि हमने ओडिशा सरकार को ईमेल भेजकर अपने बेटे को बचाने और उसे सुरक्षित घर वापस लाने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, शिपिंग महानिदेशक और विदेश मंत्रालय से भी मदद मांगी। उन्होंने बताया कि एक मां के तौर पर, मैं पारदर्शी जांच, सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच, उसके प्राइवेट सामान की जानकारी और लगातार आधिकारिक अपडेट का अनुरोध करती हूं। प्रबंधन की प्रतिनिधि राजनांदिनी कोच्चि ने फोन पर सार्थक की मां से कहा, 'मैं आपको बताना चाहती हूं कि कार्यालय में खोज जारी है। कई जहाज अभी भी खोज में लगे हुए हैं। जहाज के 12 या 13 फरवरी को सिंगापुर पहुंचने की उम्मीद है। हमें नहीं पता कि जहाज सिंगापुर कब पहुंचेगा।'*

---

**फायरिंग का सीसीटीवी फुटेज आया सामने**

**गैंगस्टर फोलड़ीवाल ने ली है हत्याकांड की जिम्मेदारी**

पंजाब के जालंधर में हुए वारदात, गुरुद्वारे के बाहर हुआ हमला

# सिंगर मूसेवाला स्टाइल में आप नेता की हत्या, थार की सीट पर लुढ़की लाश

एजेंसी ▶▶| जालंधर।


मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के जैसा ही एक और मर्डर पंजाब में हुआ है। शुक्रवार को जालंधर में आम आदमी पार्टी (आप) के स्थानीय नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड की जिम्मेदारी गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ली है।

बता दें, सिंगर मूसेवाला को भी 29 मई 2022 को मानसा के जवाहरके गांव में शूटर्स ने उनकी थार गाड़ी में ही हत्या की थी। यह सनसनीखेज वारदात मॉडल टाउन इलाके में स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर हुई। शूटर स्कूटी पर आए और थार गाड़ी में बैठे ओबरॉय को गोलियों से भून दिया। उन्हें टारगेट कर 8 से 9 फायर किए गए। इनमें 5 से 6 गोलियां उनके सीने में और एक गोली चेहरे पर लगी।गंभीर हालत में लक्की को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

### पुलिस कर रही है जांच

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी गई है। रुद्वारे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। सीसीटीवी में हमलावर गोलियां चलाते नजर आ रहे हैं। दो हमलावरों की सीसीटीवी सामने आई है जिसमें वे स्कूटी पर जाते नजर आ रहे हैं। मृतक लक्की ओबेरॉय की पत्नी ने आम आदमी पार्टी की तरफ से निगम चुनाव लड़ा था, लेकिन वह हार गई थी। लक्की जालंधर कैंट विधानसभा की इंचार्ज राजविंदर कौर थियाडा के करीबी हैं।

**सिंगर मूसेवाला की 2022 में ऐसे ही हुई थी हत्या**





### आप के शासनकाल में 20 से ज्यादा कत्ल

पंजाब में मार्च-2022 में सत्ता संभालने वाली आप के शासन में सरेआम गोलियां मारकर कत्ल करने के कबड्डी खिलाड़ियों से लेकर आरएसएस नेता और आप के ही सरपंच समेत 20 से ज्यादा कत्ल हो चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने सत्ता संभालने से पहले पंजाब से गैंगस्टर-राज खत्म करने का वादा किया था। लेकिन राज्य के हालात में सुधार नहीं आया है।

### रेकी कर रहे थे हमलावर

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला कि लक्की की हत्या पूरी रेकी करने के बाद की गई। हमलावरों को पहले से पता था कि लक्की रोज सुबह 7 बजे के आसपास गुरुद्वारे आते हैं। वह किस गाड़ी में आते-जाते हैं, ये भी हमलावर पहले से जानते थे। वह लक्की ओबेरॉय का पीछा करते हुए ही मॉडल टाउन पहुंचे। लक्की जब गुरुद्वारे के अंदर चले गए तो हमलावर उनके बाहर निकलने का इंतजार करने लगे। पुलिस जांच के मुताबिक, हमलावरों ने गुरुद्वारे से बाहर आने के बाद लक्की ओबरॉय का थार गाड़ी में बैठने तक इंतजार किया।

### 'हमें नुकसान पहुंचा रहा था इसलिए मारा'

*हत्याकांड की जिम्मेदारी गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ली है। उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर कहा है कि वह हमारे भाइयों को नुकसान पहुंचा रहा था, जिसका जवाब आज हमने दे दिया है। फोलड़ीवाल ने लिखा है, 'खालसा कॉलेज की प्रधानगी को लेकर यह सब कुछ हुआ है। ये कत्ल हमने अपनी आपसी दुश्मनी के चलते करवाया है। सोशल मीडिया पर इसे आम आदमी पार्टी नेता कहकर वायरल किया जा रहा है, जो बिल्कुल गलत है।' फोलड़ीवाल ने आगे लिखा, 'ये एक बहुत बड़ा नशा तस्कर था। इसने अपने सारे काले कामों को छिपाने के लिए आम आदमी पार्टी का पल्ला पकड़ा था। ये कोई लीडर नहीं था, ये पुलिस का खास मुखबिर था। ये कत्ल खासला कॉलेज की प्रधानगी को लेकर हुआ है। इसने हमारे बारे में जो बकवास की थी, आज हमने उसका जवाब दे दिया है। जो भी हमारे बारे में गलत बोलते हैं, उनको भी जल्दी ही जवाब दे देंगे।'*

---

# 31 साल पुराने मामले में पूर्णिया सांसद पप्पू यादव गिरफ्तार



**बिहार की सियासत में शुक्रवार रात जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला**

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार की सियासत में शुक्रवार रात जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला. पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को 31 वर्ष एक पुराने मामले में पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 1995 में पटना के एक घर पर कब्जा कर लिया था, जिसमें वह किराये पर रहने गए थे।

पप्पू यादव ने इस किराये के घर में पहले अपना दफ्तर खोला, फिर उस पर कब्जा कर लिया। इसे लेकर उनके खिलाफ मकान मालिक ने एफआईआर दर्ज कराई थी। अदालत ने पप्पू यादव को कई बार समन जारी किया, लेकिन वह सुनवाई के लिए पेश नहीं हुए। इसके बाद अदालत ने दो दिन पहले उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पटना पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पप्पू यादव को शुक्रवार आधी रात गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पप्पू यादव के समर्थकों की पुलिस से तीखी बहस भी हुई है। उन्हें आज की रात पुलिस सेल में गुजारनी होगी और शनिवार सुबह कोर्ट में उनकी पेशी होगी। वहीं इस मामले में गिरफ्तारी के बाद पप्पू यादव ने कहा, 'मेरे साथ क्या होगा पता नहीं।' इससे पहले पूर्णिया सांसद ने कहा कि नीट छात्रा की लड़ाई लड़ने के लिए बिहार की सरकार और गृह मंत्री सम्राट चौधरी उनको धमका रहे हैं। पप्पू ने कहा कि फांसी पर चढ़ने के लिए तैयार हूं, लेकिन झुकने वाला नहीं हूं।

---

**खबर संक्षेप**



### शाहबाज ने दिया विवादित बयान, पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा कश्मीर

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को PoK में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा, 'मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं।' उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था।

# 'अमेरिका ने अपने नागरिकों से तत्काल ईरान छोड़ने कहा'

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

ईरान के साथ बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को 'तुरंत' देश छोड़ने की चेतावनी दी है। ईरान में 'वर्चुअल अमेरिकी दूतावास' द्वारा जारी इस एडवाइजरी में अमेरिकी नागरिकों से कहा गया है कि वे देश छोड़ने की ऐसी योजना बनाएं जो अमेरिकी सरकार की मदद पर निर्भर न हो, क्योंकि पूरे देश में अशांति है।

एडवाइजरी में सुझाव दिया गया है कि अगर हवाई उड़ानें रद्द होती हैं तो नागरिक जमीन के रास्ते आर्मेनिया या तुर्की की सीमा पार कर सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचें। अमेरिका को अंदेशा है कि ईरान में कभी भी इंटरनेट पूरी तरह ठप किया जा सकता है जिससे संपर्क करना नामुमकिन हो जाएगा। ऐसे में नागरिकों को पर्याप्त खाना, पानी और दवाइयां जमा करने और किसी सुरक्षित इमारत के अंदर ही रहने को कहा गया है। खासकर उन लोगों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है जिनके पास अमेरिका और ईरान दोनों की नागरिकता है क्योंकि ईरान उन्हें केवल अपना नागरिक मानकर गिरफ्तार कर सकता है।

**युद्ध की आहट! ट्रंप की समुद्री सेना 'अर्माडा' खाड़ी में तैनात**



### ट्रंप की समुद्री सेना 'अर्माडा' खाड़ी में तैनात

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के बीच जुबानी जंग अब हमले की धमकी तक पहुंच गई है। ट्रंप ने खाड़ी क्षेत्र में अपना विशाल समुद्री बेड़ा जिसे 'अर्माडा' कहा जा रहा है उसे तैनात कर दिया है। इसमें विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और कई घातक युद्धपोत शामिल हैं जो जनवरी के अंत से ही वहां डटे हुए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को चिंता करनी चाहिए तो ट्रंप ने दो टूक शब्दों में कहा कि उन्हें बहुत ज्यादा चिंतित होना चाहिए। अमेरिका का कहना है कि ईरान में दिसंबर 2025 से चल रहे विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए की गई हिंसा का जवाब दिया जाएगा।

### युद्ध टालने के लिए तुर्की की बड़ी कोशिश

मिडिल ईस्ट में एक नए युद्ध को रोकने के लिए तुर्की के राष्ट्रपति तैयप एर्दोगान पूरी ताकत लगा रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि बातचीत में ईरान के मिसाइल कार्यक्रम को भी शामिल किया जाए जबकि ईरान केवल अपने परमाणु कार्यक्रम पर ही चर्चा करना चाहता है। इसी जिद्द के कारण दोनों देशों के बीच समझौता टूटने की कगार पर है जिससे हवाई हमले का खतरा बढ़ गया है।

---

डीएचएस ने आपराधिक प्रवासियों का किया खुलासा

# अमेरिका के खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को 'वर्स्ट ऑफ द वर्स्ट' यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है। यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है।

### अपराधों की जानकारी सार्वजनिक

विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है।

### भारतीय समुदाय के लिए संवेदनशील मुद्दा

'वर्स्ट ऑफ द वर्स्ट' सूची में 89 भारतीय मूल के लोगों का नाम आना भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए संवेदनशील और चिंता का विषय है। हालांकि यह भी साफ है कि सूची में शामिल सभी लोग गंभीर अपराधों में दोषी हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का कहना है कि इस कदम का असर अमेरिका में इमिग्रेशन नीति, प्रवासी समुदायों की छवि और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार बहस तीनों पर पड़ेगा।

**ट्रंप ने दिया भारतीयों को एक और झटका**



### ये हैं आरोप

सूची में शामिल 89 भारतीय नागरिकों पर यौन अपराध, बलात्कार, ड्रग तस्करी, चोरी, डीयूआई (नशे में वाहन चलाना), हिट एंड रन, तस्करी, धोखाधड़ी, डकैती, हमला, अपहरण, मनी लॉन्ड्रिंग, घरेलू हिंसा और एक हत्या जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। सभी नाम ऐसे लोगों के हैं जिन्हें अमेरिका में गिरफ्तार कर दोषी ठहराया जा चुका है।

### हत्या, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोग हैं सूचीबद्ध

*वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जा रहा है। इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उन्होंने क्या अपराध किए और उन्हें किन इलाकों से हटाया गया।*



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





अंडर-19 में छठी बार चैंपियन

# भारत की 'वैभव-शाली' जीत

एजेंसी ▶▶| हरारे

जिम्बाब्वे के हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए फाइनल में इंग्लैंड को 100 रनों से हराकर भारत की अंडर-19 टीम ने अपना छठा अंडर-19 विश्व कप खिताब जीत लिया है। आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली यह टीम अब तक अपराजित रही थी और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते



हुए इंग्लैंड की संतुलित टीम को मात दी। वैभव सूर्यवंशी ने बल्ले से रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने 80 गेंदों में 175 रन बनाकर भारत को 411/9 के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। भारत ने सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज का विकेट जल्दी खो दिया, लेकिन सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने शतकीय साझेदारी करके टीम को ▶▶|शेष पेज 5 पर

## टी20 विश्व कप आज से भारत और अमेरिका में पहला मुकाबला

मुंबई। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाला है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शनिवार शाम 7 बजे से



भारत का मुकाबला यूएस से होने वाला है। इस मैच से पहले वानखेड़े स्टेडियम पर ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। मैच शुरू होने से एक घंटे पहले यानी शाम 6 बजे ओपनिंग सेरेमनी की शुरुआत होगी। फेमस सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा का परफॉर्मेंस होगा। उनके अलावा शिवामनी भी वानखेड़े स्टेडियम में समां बांधेंगे। इसके साथ ही मशहूर रैपर बादशाह और एक्ट्रेस नोरा फतेही भी ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। आईसीसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी घोषणा की। भारत और अमेरिका के मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम की गेट शाम 4 बजे खुल जाएंगे।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने लोकसभा में दी जानकारी

# उड़ रहे आधे से ज्यादा विमानों में तकनीकी खराबी, एयर इंडिया-इंडिगो सबसे बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों ने यह सिद्ध कर दिया है कि देश के वाणिज्य विमानों की हालत ठीक नहीं है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा लोकसभा में दी गई जानकारी के अनुसार भारतीय विमानन कंपनियों के विमानों की जांच में 50 प्रतिशत से अधिक विमानों में बार-बार तकनीकी खामियां मिली हैं। सरकार ने बताया कि जिन विमानों में अधिक खराबी आ रही है, उसमें एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस की हालत सबसे बद्तर है।**

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 754 में 377 विमानों में बार-बार तकनीकी खराबी मिली है। एअर इंडिया ग्रुप के 267 विमानों में से 191 (72%) तथा इंडिगो के 405 विमानों की जांच की गई। उनमें से 148 में इस साल 3 फरवरी तक रिपीटेटिव डिफेक्ट ( एक ही खराबी) बार-बार पाई गई। लोकसभा में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि डीजीसीए ने पिछले साल सुरक्षा को लेकर बड़े पैमाने पर जांच की। इस दौरान 3890 सर्विलांस इंस्पेक्शन, 56 ऑडिट, 492 रैंप चेक और 84 विदेशी विमानों की जांच की गई। 874 स्पॉट चेक और 550 नाइट सर्विलांस भी किए गए।

### एयर इंडिया के 191 इंडिगो के 148 में खराबी

एयर इंडिया समूह में खराबी मिलने का अनुपात कहीं अधिक रहा। एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के 267 विमानों की जांच की गई, जिसमें से 191 में बार-बार होने वाली समस्याएं पाई गईं। एयर इंडिया के 166 विमानों में 137 में बार-बार खराबी मिली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के 101 विमानों में 54 में इसी तरह की समस्याएं पाई गई थीं। इसके बाद इंडिगो का नंबर है जिसके 405 विमानों की जांच की गई। उनमें से 148 में इस साल 3 फरवरी तक रिपीटेटिव डिफेक्ट पाई गई।




### निगरानी के लिए बढ़ा रहे हैं कर्मचारी

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि निगरानी को मजबूत करने के लिए सरकार ने नियामक संस्था डीजीसीए के तकनीकी कर्मचारियों की संख्या को 2022 में 637 से बढ़कर 1,063 कर दी है। डीजीसीए ने अनियोजित निगरानी के तहत 874 स्पॉट चेक और 550 रात्रि निरीक्षण किए हैं।

### देश की 6 एयरलाइंस की 754 विमानों की हुई जांच

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने सदन को लिखित में बताया कि पिछले साल जनवरी से 6 निर्धारित एयरलाइनों के 754 विमानों में बार-बार आने वाली खराबी का विश्लेषण किया गया था। जांच में इनमें से 377 विमानों में खराबी पाई गई है। मंत्री ने बताया कि इंडिगो के सबसे अधिक विमानों की समीक्षा की गई थी। इस साल, 3 फरवरी तक इंडिगो के 405 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिसमें 148 में बार-बार खराबी का पता चला।

### स्पाइसजेट और अकासा एयर भी बद्हाल

सदन में बताया गया कि अन्य एयरलाइंस भी इस सूची में शामिल थीं। विश्लेषण किए गए स्पाइसजेट के 43 विमानों में 16 में बार-बार होने वाली खराबी पाई गई, जबकि अकासा एयर के 32 विमानों में 14 में खामियां पाई गईं थीं। नियामक ने पिछले साल 3,890 निगरानी निरीक्षण, 56 नियामक लेखा परीक्षाएं और 84 विदेशी विमानों की जांच की थी।

# इस्लामाबाद की मस्जिद में आत्मघाती विस्फोट, 31 की मौत

## राजधानी में आपातकाल घोषित

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान एक शिया मस्जिद में आत्मघाती धमाका हुआ, जिसमें 30 से अधिक लोगों की मौत हुई है जबकि 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए है। मृतकों की संख्या और बढ़ने की संभावना जताई गई है। धमाका तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह खदीजातुल कुबरा मस्जिद में हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोपहर करीब 1 बजे मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने के लिए लोग आ रहे थे। तभी मस्जिद के गेट पर जोरदार धमाका हुआ। मस्जिद में कुछ लोगों के चीथड़े उड़ गए, जबकि कुछ बुरी तरह घायल हो गए। मस्जिद को भी काफी नुकसान पहुंचा है। खदीजातुल कुबरा मस्जिद शियाओं की मशहूर मस्जिद है। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में शिया मुस्लिम की आबादी करीब 2 करोड़ है और यह पाकिस्तान की आबादी का 10-12 प्रतिशत है।



### बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

धमाके के बाद इस्लामाबाद में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। पूरे इलाके में पुलिस बल और सेना के जवान तैनात हैं और नाकाबंदी की गई है। बताया जा रहा है कि आत्मघाती हमलावर ने नमाज से पहले मस्जिद में प्रवेश किया था। फोरेंसिक टीमें यह पता लगा रही हैं कि हमला आत्मघाती था या पहले से बम प्लांट किया गया था। हालांकि, अभी सरकार या पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

### उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति 2 दिवसीय दौरे पर

यह हमला तब हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव दो दिवसीय यात्रा पर इस्लामाबाद में हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के प्रवक्ता तकी जवाद ने मीडिया को बताया कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी। प्रशासन ने फेडरल कैपिटल के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सीडीए अस्पताल में भी आपातकाल लागू किया है।

ऐतिहासिक उपलब्धि

## बिलासपुर एयरपोर्ट को मिला 'ऑल वेदर ऑपरेशन' का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के लिए एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। बिलासपुर एयरपोर्ट को 3C–वीएफआर श्रेणी से उन्नत कर 3C–सभी मौसमों में संचालन श्रेणी की स्वीकृति मिल गई है। इस महत्वपूर्ण उन्नयन के साथ अब बिलासपुर एयरपोर्ट पर कोहरे, वर्षा या खराब दृश्यता जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित विमान संचालन संभव हो सकेगा। इस उपलब्धि की जानकारी केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने दी। उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन रेड्डी से इस संबंध में मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी। उन्होंने मांग पूरी होने पर पीएम मोदी और उड्डयन मंत्री का धन्यवाद अदा किया। बिलासपुर एयरपोर्ट के ▶▶|शेष पेज 5 पर




### विकास के पथ पर छत्तीसगढ़

बिलासपुर एयरपोर्ट का यह उन्नयन 'विकसित भारत–विकसित छत्तीसगढ़' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि राज्य की विकास यात्रा को भी नया आयाम प्राप्त होगा।

# रेत तस्करों ने किया कुचलने का प्रयास, छह किमी पीछा कर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

जिले में वन विभाग के कर्मचारियों ने फिल्मी अंदाज में 6 किलोमीटर पीछा कर अवैध रेत से भरी गाड़ी को पकड़ी है। 3 फरवरी को जुआटोला से गौरेला की तरफ एक ट्रक आ रहा था, जिसमें अवैध रेत लदी थी। रेत माफिया कार पर सवार था। वन विभाग की टीम पर मध्यप्रदेश के रेत माफिया ने हमले की कोशिश की। उन्होंने कार्रवाई में शामिल



कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास किया। टीम ने रेत से लदी गाड़ियों को घेराबंदी कर कार्रवाई की, लेकिन तस्कर भागने में कामयाब रहे। जिले के अमरकंटक बॉर्डर क्षेत्र की शांत पहाड़ियों ▶▶|शेष पेज 5 पर

### गाड़ियां छोड़कर फरार हो गए तस्कर

बताया जा रहा है कि गाड़ियां अमरकंटक क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रेत कारोबारी मोहम्मद इब्राहिम से जुड़ी थीं। पीछा और घेराबंदी के बीच हालात इतने बिगड़े कि, तस्करों ने हमला करने की कोशिश भी की, मगर सूझबूझ और साहस से वनकर्मियों ने मोर्चा संभाले रखा। इसी बीच कार्रवाई करते हुए टीम ने एक रेत से लदी ट्रक और एक कार को मौके पर दबोच लिया। तस्कर गाड़ियां छोड़कर फरार हो गए।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गिरी खाई में, दो की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पड़ोसी जिले बिलासपुर मस्तूरी क्षेत्र में रहने वाले चार युवक कार में सवार होकर बालको बेला कछार बारात जाने के लिए निकले थे रात को उनकी तेज रफ्तार कर उरगा टोल प्लाजा भारतमाला सड़क पर अनियंत्रित हो गई और सीधे खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।,इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए




उरगा थाना क्षेत्र के भारत माला टोल प्लाजा के समीप हुआ हादसा

बिलासपुर रेफर ▶▶|शेष पेज 5 पर

### शादी की खुशी मातम में तब्दील

मस्तूरी में रहने वाले चारों युवक कार में सवार होकर बारात जाने के लिए निकले थे । वही उनके अन्य साथी व परिजन बालको के बेला पहुंच चुके थे। जबकि वे चारों पीछे से आ रहे थे कि इस बीच रास्ते में दुर्घटना के शिकार हो गए और एक साथ दो दोस्तों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही शादी की खुशी मातम में तब्दील हो गई।

आरबीआई की बैठक में निर्णय

## रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, लोन की किस्तें रहेंगी जस की तस




एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद शुक्रवार को हुई मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया है। इससे पहले दिसंबर में हुई समिति की बैठक में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत अंक की कमी की गई थी और रेपो रेट घटकर 5.25 प्रतिशत हो हो गया था। रेपो रेट में कोई बदलाव न होने से लोन औऱ किस्तों पर असर नहीं पड़ेगा। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा के ▶▶|शेष पेज 5 पर

### विकास दर में होगी बढ़ोतरी

मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने अगले वित्तीय वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए विकास दर में क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। एमपीसी ने वित्तवर्ष 2025-26 के लिए अपने विकास अनुमान को पहले के 7.3 प्रतिशत के अनुमान से संशोधित करके 7.4 प्रतिशत कर दिया है, जो केंद्रीय बैंक के आर्थिक गति के आकलन में बदलाव को दर्शाता है। मल्होत्रा ने बजट 2026 में घोषित उपाय विकासों को बढ़ाने वाला बताया।




चिंतन

# सालों से जो बोया, वही काट रहा है पाकिस्तान

जैसा बोएंगे, वैसा काटेंगे। यह कहावत पाकिस्तान पर पूरी तरह से सटीक उतरती है। सालों तक आतंकवाद का पालन-पोषण करने के बाद आज पाकिस्तान खुद उसी आतंकवाद से जूझ रहा है। पाकिस्तान ने सरकारी नीति बनाकर आतंकवाद को शह दी। सरकारी संरक्षण की वजह से वहां आतंकवाद दिन दूनी, रात चौगुनी तेजी से फैला। हालात यह हो गए हैं कि भारत सहित दुनिया के तमाम हिस्सों में होने वाली किसी भी आतंकी वारदात में प्रत्यक्ष या परोक्ष पाकिस्तान का हाथ निकल ही जाता है। भारत सालों से पाकिस्तानी आतंकवाद का शिकार रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकानों पर हुए भारतीय हमलों में मारे गए आतंकियों के जनाजों को कंधा देते हुए पाकिस्तानी सैन्य अफसरों के फोटो व वीडियो दुनिया ने देखे हैं। शुक्रवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में कथित आत्मघाती बम विस्फोट में दर्जनों लोगों की मौत हो गई और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हो गए। शहजाद टाउन क्षेत्र स्थित तरलाई इमामबारगाह में शुक्रवार की नमाज के दौरान विस्फोट हुआ। यह घटना उस समय हुई जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शवकत मिर्ज़ियोयेव पाकिस्तान के दौरे पर थे। फिलहाल किसी भी समूह ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को 'फितना अल ख्वाराजी' कहा जाता है। टीटीपी तालिबान का एक सहयोगी संगठन है, जो मुख्य रूप से पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सक्रिय है। हमला किसने किया, यह जांच का विषय हो सकता, लेकिन यह आतंकवादी हमला था, इस पर कोई शक नहीं है। सवाल यह है कि जिस तालिबानी संगठन का नाम इस विस्फोट से जुड़ रहा है, उसको पाकिस्तान ने ही पाला-पोसा और बड़ा बनाया। बदली परिस्थितियों में पाकिस्तान का वही सृजन उसके लिए चुनौती बन गया है। पाकिस्तान के कई राज्यों में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है। आतंकी घटनाओं का दुखद और मानवीय पहलू यह है कि इसके शिकार हमेशा निर्दोष और मासूम लोग ही होते हैं। इनमें बड़ी संख्या बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की होती है। किसी आतंकी घटना में बचे लोग भी लंबे समय उसकी दहशत से नहीं उबर पाते। असल में आतंकवाद किसी सरकार या देश से अधिक मानवता के खिलाफ अपराध होता है। पाकिस्तान के शासकों ने शायद ही कभी इस बात को समझा हो, क्योंकि आज भी भारत के खिलाफ उसकी यह नीति जारी है। भारत के सख्त रुख के बाद उसकी गतिविधियां कुछ कम तो हुई हैं, लेकिन वह अब भी अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकी को प्रश्रय दे रहा है। कई आतंकी कैंप चला रहा है। वह अब भी यह मानने को तैयार नहीं है कि आतंकवाद की उसकी सरकारी नीति ने पाकिस्तान के आम लोगों की जिंदगी को नरक बना दिया है। जो संसाधन लोगों की भलाई के लिए इस्तेमाल होने थे, वे आतंकवाद को पोषित करने में लग रहे हैं। अब तो यह हालात हो गए है कि पाकिस्तान का कोई इलाका सुरक्षित नहीं है। करीब तीन महीने पहले भी इस्लामाबाद में जिला एवं सत्र न्यायालय की इमारत के बाहर एक आत्मघाती बम विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई थी। इसी महीने की शुरुआत में एक अन्य आत्मघाती हमले में खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण वज़ीरिस्तान स्थित एक कैडेट कॉलेज में छह लोग घायल हो गए थे। बेहतर हो कि पाकिस्तान अब अपने गिरेबां में झांके।



करियर
ममता कुशवाहा


# 'ऑरेंज इकॉनमी' युवाओं का भविष्य

> पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिज़ाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है। भारत जैसे युवाओं की विशाल आबादी वाले देश, जहां समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है।

ऑरेंज इकॉनमी की अवधारणा इस बात में एक क्रांतिकारी बदलाव का संकेत देती है कि देश रचनात्मकता, नवाचार और सांस्कृतिक उद्योगों को आर्थिक विकास के प्रमुख स्रोत के रूप में कैसे देखते हैं। पारंपरिक क्षेत्रों में जहां विकास का आधार मुख्यतः प्राकृतिक संसाधन या विनिर्माण उद्योग रहे हैं, वहीं ऑरेंज इकॉनमी विचारों, प्रतिभा, डिजिटल रचनात्मकता, डिज़ाइन, मीडिया, मनोरंजन और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति पर आधारित है।

भारत जैसे देश के लिए, जहां युवाओं की विशाल आबादी और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत मौजूद है, ऑरेंज इकॉनमी न केवल एक नया आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, बल्कि बेरोज़गारी की समस्या के समाधान, कौशल विकास के विस्तार और वैश्विक रचनात्मक उद्योगों में नेतृत्व स्थापित करने का एक सशक्त अवसर भी प्रदान करती है। अपने मूल स्वरूप में ऑरेंज इकॉनमी के अंतर्गत एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, डिज़ाइन, डिजिटल कंटेंट निर्माण, संगीत, फिल्म, विज्ञापन, फैशन और रचनात्मक तकनीक जैसे क्षेत्र शामिल हैं। ये सभी उद्योग तेज़ी से डिजिटल प्लेटफॉर्म और वैश्विक बाज़ारों से जुड़े हुए हैं, जिससे दूर-दराज़ क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं के लिए भी इनमें प्रवेश संभव हो गया है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और डिजिटल उपकरणों के प्रसार के साथ रचनात्मकता अब केवल शौक नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक और टिकाऊ करियर विकल्प बनती जा रही है। यह बदलाव पारंपरिक रोजगार मॉडल से अलग है, जहां सफलता का रास्ता मुख्यतः इंजीनियरिंग, चिकित्सा या सरकारी नौकरियों जैसे परंपरागत पेशों से जुड़ा हुआ था। ऑरेंज इकॉनमी का सबसे आशाजनक पक्ष इसकी व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन की क्षमता है। जैसे-जैसे रचनात्मक उद्योगों का विस्तार हो रहा है, वैसे-वैसे विभिन्न प्रकार के कौशलों की मांग भी बढ़ रही है, जैसे एनीमेशन और कोडिंग में तकनीकी दक्षता, कहानी लेखन, डिज़ाइन थिंकिंग, मार्केटिंग और डिजिटल रणनीति। सरकारें और शैक्षणिक संस्थान अब इस संभावना को गंभीरता से समझने लगे हैं। स्कूलों और कॉलेजों में क्रिएटिव लैब की स्थापना, पाठ्यक्रमों में रचनात्मक कौशलों का समावेश और डिजिटल कला से जुड़े व्यावसायिक प्रशिक्षण पर जोर, भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यबल तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

अनुमान है कि 2030 और उसके बाद लाखों युवा रचनात्मक क्षेत्रों में अवसर प्राप्त कर सकेंगे, जिससे आर्थिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक समृद्धि भी बढ़ेगी। इस परिवर्तन की आधारशिला कौशल विकास है। पारंपरिक शिक्षा प्रणाली अक्सर रटंत विद्या और सैद्धांतिक ज्ञान पर केंद्रित रही है, जिसमें रचनात्मकता और नवाचार के लिए बहुत कम स्थान होता है। जबकि ऑरेंज इकॉनमी एक ऐसे दृष्टिकोण की मांग करती है, जो प्रयोग, आलोचनात्मक सोच, सहयोग और बहुविषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करे। जब छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही रचनात्मक उपकरणों और डिजिटल प्लेटफॉर्म से परिचित कराया जाता है, तो उनमें न केवल तकनीकी दक्षता विकसित होती है, बल्कि आत्मविश्वास और उद्यमशीलता की भावना भी जागृत होती है। यही मानसिक बदलाव उन्हें वैश्विक रचनात्मक अर्थव्यवस्था



में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम बनाता है। ऑरेंज इकॉनमी का एक महत्वपूर्ण पहलू अवसरों का लोकतंत्रीकरण है। पूंजी-प्रधान उद्योगों के विपरीत, रचनात्मक क्षेत्रों में प्रवेश के लिए अपेक्षाकृत कम निवेश की आवश्यकता होती है। एक लैपटॉप, इंटरनेट कनेक्शन और रचनात्मक सोच, ये तीनों मिलकर डिजिटल कंटेंट, डिज़ाइन या गेमिंग जैसे क्षेत्रों में करियर की शुरुआत के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से उन युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों या ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और जिनके पास पारंपरिक करियर विकल्पों तक पहुंच सीमित होती है। रचनात्मक कौशल और डिजिटल साक्षरता से उन्हें सशक्त बनाकर ऑरेंज इकॉनमी सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को कम करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। फिल्म, संगीत, फैशन और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से सांस्कृतिक कथाएं अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचती हैं। जैसे-जैसे भारतीय रचनात्मक उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है, वैसे-वैसे देश की सांस्कृतिक उपस्थिति और आर्थिक प्रभाव भी मजबूत होता जाता है। हालांकि, एक सशक्त ऑरेंज इकॉनमी की दिशा में यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है। आधारभूत संरचना की कमी, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का अभाव, वित्तीय संसाधनों तक सीमित पहुंच और अपर्याप्त नीति ढाँचे विकास में बाधा बन सकते हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। ऐसी नीतियां बनाई जानी चाहिए, जो स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करें, बौद्धिक संपदा की रक्षा करें, नवाचार को बढ़ावा दें और रचनात्मक उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें।

इसके अतिरिक्त, ऑरेंज इकॉनमी के विकास के लिए सामाजिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन आवश्यक है। अनेक समाजों में रचनात्मक पेशों को आज भी अस्थिर या कम प्रतिष्ठित माना जाता है, जबकि पारंपरिक नौकरियों को अधिक सुरक्षित समझा जाता है। इस मानसिकता को बदलना युवाओं की प्रतिभा को पूरी तरह विकसित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। जब रचनात्मकता को एक वैध और मूल्यवान आर्थिक संपत्ति के रूप में स्वीकार किया जाएगा, तब युवा बिना सामाजिक या आर्थिक भय के अपने जुनून को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। दीर्घकालिक दृष्टि से देखा जाए तो ऑरेंज इकॉनमी रोजगार और आर्थिक विकास की संरचना को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है। जैसे-जैसे स्वचालन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारंपरिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर कम कर रही हैं, वैसे-वैसे रचनात्मक उद्योग अधिक प्रासंगिक और टिकाऊ बनते जा रहे हैं। मानवीय कल्पना, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को मशीनें आसानी से प्रतिस्थापित नहीं कर सकतीं। इसलिए रचनात्मकता में निवेश करना केवल एक आर्थिक रणनीति नहीं, बल्कि डिजिटल युग में सतत विकास की अनिवार्य आवश्यकता है। ऑरेंज इकॉनमी युवाओं के सशक्तिकरण, कौशल विकास और राष्ट्रीय प्रगति के लिए एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती है।

रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके, शिक्षा प्रणाली में सुधार लाकर और सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके भारत जैसे देश ऑरेंज इकॉनमी की शक्ति का उपयोग कर चुनौतियों को अवसरों में बदल सकते हैं। युवाओं के लिए यह केवल एक नया करियर विकल्प नहीं, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, नवाचार और वैश्विक प्रभाव का द्वार है। जैसे-जैसे दुनिया ज्ञान और रचनात्मकता आधारित भविष्य की ओर बढ़ रही है, ऑरेंज इकॉनमी आशा की किरण बनकर उभरती है, जो मानव रचनात्मकता और सांस्कृतिक समृद्धि पर आधारित समृद्धि का वादा करती है।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
सतीश सिंह




# मौद्रिक समीक्षा पर महंगाई का साया

महंगाई को 4% के लक्ष्य पर स्थिर रखने की प्रतिबद्धता, खाद्य कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित वैश्विक आर्थिक माहौल के कारण और विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए सतर्क रुख अपनाते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 6 फरवरी को नीतिगत ब्याज दर को 5.25% के स्तर पर अपरिवर्तित रखा। रिजर्व बैंक का प्राथमिक लक्ष्य महंगाई को नियंत्रित करना है। अस्तु,खाद्य पदार्थों की कीमतों में अनिश्चितता के कारण रिजर्व बैंक ने फिलहाल दरों को कम न करने का निर्णय लिया ताकि महंगाई और न बढ़े। दुनिया भर में आर्थिक अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था पर लगातार दबाव बना हुआ है, जिसके कारण सतर्कता बरतना आवश्यक है। डॉलर के मुकाबले रुपये की अस्थिरता और बॉन्ड यील्ड के दबाव के कारण भी केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में कटौती करने से गुरेज किया। दिसंबर 2025 में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.25% की कटौती की थी, जिससे यह मौजूदा स्तर पर आ गया। वैसे, 2025 की शुरुआत से रिजर्व बैंक नीतिगत दरों में 125 आधार अंकों की कटौती कर चुका है, लेकिन अभी तक बैंकों ने इस कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को नहीं दिया है, क्योंकि अभी भी नये ऋणों में आधार अंकों की कटौती करना शेष है. इसलिए, रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत दरों को यथावत रखने के बाद भी उधारी दरों में कटौती की गुंजाइश बनी हुई है। रिजर्व बैंक,जिस दर पर बैंकों को ऋण देता है, उसे रेपो दर कहते हैं। जब रिजर्व बैंक इसे घटाता है तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और बैंक इसका लाभ आमजन और जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं। हालांकि,नीतिगत दरों में कटौती नहीं करने के बावजूद जरूरत पड़ने पर रिजर्व बैंक नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती करके और ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) के जरिये बैंकिंग प्रणाली की तरलता को बढ़ा सकता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बैंक ने 29 जनवरी 2026 को हुई नीलामी सहित, ओएमओ के माध्यम से रिजर्व बैंक बैंकिंग प्रणाली में लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये डाल चुका है। सबसे महत्वपूर्ण,भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की गति अच्छी है। केंद्रीय बैंक मौद्रिक समीक्षा के दौरान वित्त वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि अनुमान को 7.3% से बढ़ाकर 7.4% कर दिया, जबकि वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में इसके 6.9% रहने का अनुमान जताया है, जो इसके पहले 6.7% था, वहीं, वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में जीडीपी के 7% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 6.8% था। इसके अलावा, हाल ही में अमेरिकी सरकार ने टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिससे निर्यात में इजाफा, आर्थिक गतिविधियों में तेजी, व्यापार घाटा में कमी आने, विदेशी मुद्रा में इजाफा आदि होने की उम्मीद है, जिससे अर्थव्यवस्था में मजबूती आएगी। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान महंगाई के 2.1% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2% था। वहीं, वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इसके 3.2% रहने का अनुमान जताया है, जो पहले 2.9% था। महंगाई के कारण लोगों की क्रय शक्ति में कमी, जीवनयापन की लागत में वृद्धि, और बचत के वास्तविक मूल्य में गिरावट आती है। इससे गरीबों पर सबसे अधिक असर पड़ता है, क्योंकि उन्हें बुनियादी आवश्यकताओं, जैसे भोजन और स्वास्थ्य के मद में ज्यादा खर्च करना पड़ता है। यह आर्थिक विकास को भी बाधित करती है और कंपनियों के मुनाफे को भी कम करती है। महंगाई दर के जमा दर से अधिक होने पर बैंक में जमा पैसों की वास्तविक कीमत घट जाती है और भविष्य के लिए जमा की गई पूंजी कम हो सकती है और बुढ़ापे में वित्तीय संकट पैदा हो सकता है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2026 में, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की ऋण वृद्धि दर धीमी होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 13.1% रह गई, जो दिसंबर 2025 में 14.5% थी। वहीं, 5 जनवरी, 2026 को खत्म हुए पखवाड़े तक जमा वृद्धि दर कम होकर वर्ष दर वर्ष के आधार पर 10.6% रह गई। इस तरह, इस अवधि में बैंक जमा में लगभग 3 लाख 57 हजार करोड़ रुपये की कमी आई, जिससे क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात रिकॉर्ड 82.2% के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस वजह से फिलवक्त,बैंक तरलता की कमी का सामना कर रहे हैं और उन्हें जरूरतमंदों को ऋण देने में मुश्किलें आ रही है। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि महंगाई आमजन और विकास की राह में एक बहुत बड़ी बाधक है। चूंकि, आगामी महीनों में इसमें तेजी आने की आशंका है, इसलिए, रिजर्व बैंक ने सतर्कता बरतते हुए रेपो दर को यथावत रखा है। बैंक जमा में लगातार कमी आने के कारण मौजूदा समय में बैंक पूंजी की भारी कमी का सामना कर रहे हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का क्या महत्व है?



संकलित
दर्शन

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकतावाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है। स्वाभाविक है कि इससे टकराव बढ़ेगा।

## बिना चिंतन के कीर्तन का कोई लाभ नहीं



संकलित
प्रेरणा

राजा के मन में आया कि अगर मैं भी भागवत की कथा सुन लूं तो मेरा भी कल्याण हो जाएगा। राजा ने एक पण्डित जी से बात की। पण्डित जी भागवत सुनाने के लिए तैयार हो गए। निश्चित समय पर भागवत-कथा आरंभ हुई। सात दिन बीतने पर कथा समाप्त हुई। दूसरे दिन राजा ने पण्डितजी को बुलाया और कहा- पण्डित जी ! न तो आपने भागवत सुनाने में कोई कमी रखी, न मैंने सुनने में कोई कमी रखी, फिर भागवत सुनने पर कोई फर्क तो नहीं पड़ा, बात क्या है? पण्डित जी ने कहा- महाराज! इसका उत्तर तो मेरे गुरु जी ही दे सकते हैं। राजा ने कहा- आप अपने गुरुजी को आदरपूर्वक मेरे यहां ले आएं, हम उनसे पूछेंगे। राजा ने अपनी शंका गुरु जी के सामने रखी कि, भागवत सुनने पर भी मेरा कल्याण क्यों नहीं हुआ? गुरुजी ने राजा से कहा कि थोड़ी देर के लिए मुझे अपना अधिकार दे दो। राजा ने उनकी बात स्वीकार कर ली। गुरु जी ने आदेश दिया कि राजा और पण्डित जी दोनों को बांध दो। राजपुरुषों ने दोनों को बांध दिया। अब गुरुजी ने पण्डित जी से कहा कि, तुम राजा को खोल दो। और राजा से कहा- तुम पण्डित जी को खोल दो। दोनों ने उत्तर दिया कि हम बंधे है कैसे एक-दूसरे को खोल सकते हैं। गुरु जी ने कहा- महाराज! मैंने आपके प्रश्न का उत्तर दे दिया! राजा ने कहा- मैं समझा नहीं! गुरुजी बोले- जैसे खुद बंधा हुआ आदमी दूसरे को बन्धन-मुक्त नहीं कर सकता है, वैसे ही स्वयं ज्ञान को अपने अनुभव में उतारे बिना कोई दूसरे का कल्याण कैसे कर सकता है?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डिजिटल क्रांति का सच

आज का दौर डिजिटल क्रांति का है, लेकिन यही क्रांति अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही है। भारत में तेजी से बढ़ते इंटरनेट उपयोग और सस्ते डेटा ने जहां अवसरों के नए द्वार खोले हैं, वहीं यह बच्चों के लिए एक अदृश्य खतरा भी बनकर उभरा है। इकोनोमिक सर्वे 2025-26 ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि डिजिटल एडिक्शन और अत्यधिक स्क्रीन टाइम अब सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम का रूप ले रहा है, क्योंकि स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और गेमिंग प्लेटफॉर्म बच्चों के व्यवहार, सीखने की क्षमता और मानसिक संतुलन पर मापने योग्य प्रभाव डालने लगे हैं। यही नहीं, रिपोर्ट ने यह भी सुझाया है कि कम उम्र के उपयोगकर्ताओं की अधिक संवेदनशीलता को देखते हुए सोशल मीडिया के लिए आयु-आधारित सीमाएं तय करने पर विचार किया जाना चाहिए।

*- रोहित कुमार यादव*

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक समझौता



यह एक ऐतिहासिक समझौता है, जो विशेष रूप से पूर्वी नागालैंड के विकास पथ को गति प्रदान करेगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म



किसानों की उत्पादकता बढ़ाने और उनकी आजीविका में सुधार लाने के लिए हमने एआई के उपयोग का फैसला किया है। 'भारत विस्तार' प्लेटफार्म भी हम बना रहे हैं, जिस पर बीज, खाद, दवा और योजनाओं के सवाल और समाधान सब मिल जाएगा।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### सार्थक विकास



विकास वही सार्थक होता है जो अपनी सभ्यता, अपनी संस्कृति के मूल्यों का संरक्षण और सम्मान करते हुए हमें नित नए सोपान की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### शिक्षा विरोधी सोच



भाजपा की शिक्षा विरोधी सोच ही सरकारी स्कूलों को बंद करवा रही है। भाजपाई जानते है कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है जो भाजपा की दक्रियानूसी, रूढ़िवादी, संकीर्ण सोच और तंग नज़रिये को उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

### पूर्व मीडिया दिग्गज लाई को सोमवार को मिलेगी सजा



हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके 'एप्पल डेली' अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है। न्यायपालिका ने शुक्रवार को अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी कि वह सोमवार को पूर्वाह्न 10 बजे सजा सुनाए जाने की कार्यवाही शुरू करेगी। लाई चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं और उन्हें 2020 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। चीन पिछले वर्ष हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शहर की स्थिरता के लिए इस कानून को आवश्यक मानता है। लाई के खिलाफ मुकदमे को व्यापक पैमाने पर हांगकांग में प्रेस की स्वतंत्रता के पतन के एक संकेतक के रूप में देखा गया है। लाई को सजा सुनाए जाने से चीन और विदेशी सरकारों के बीच तनाव पैदा हो सकता है। लाई की दोषसिद्धि की अमेरिका और ब्रिटेन ने आलोचना की थी। लाई को विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत कर राजद्रोहपूर्ण लेख प्रकाशित करने की साजिश रचने का दोषी पाया गया।

## ऑफ बीट

### चार लाख साल पहले ग्रीनलैंड हरा-भरा था



लगभग 400,000 साल पहले, ग्रीनलैंड के बड़े हिस्से बर्फ-मुक्त थे। द्वीप की उत्तर-पश्चिमी उच्चभूमि पर झाड़ीदार टुंड्रा सूर्य की किरणों का आनंद लिया करता था। साक्ष्य बताते हैं कि कीड़ों से गुलजार स्प्रूस पेड़ों का जंगल, ग्रीनलैंड के दक्षिणी हिस्से में फैला हुआ था। उस समय वैश्विक समुद्र का स्तर बहुत अधिक था, आज के स्तर से 20 से 40 फुट ऊपर। दुनिया भर में, वह भूमि जो आज करोड़ों लोगों का घर है, पानी में डूबी हुई थी। वैज्ञानिक काफी समय से जानते हैं कि ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर पिछले दस लाख वर्षों में किसी न किसी समय गायब हो गई थी, लेकिन निश्चित रूप से नहीं कह सकते कि यह कब गायब हुई थी। ग्रीनलैंड की बर्फ की चादर के लगभग एक मील मोटे हिस्से के नीचे से शीत युद्ध के दौरान निकाली गई जमी हुई मिट्टी का उपयोग करके तारीख निर्धारित की। समय - लगभग 416,000 वर्ष पहले, जिसमें बड़े पैमाने पर बर्फ-मुक्त स्थितियाँ 14,000 वर्षों तक चलीं - महत्वपूर्ण है। उस समय, पृथ्वी और इसके प्रारंभिक मानव सबसे लंबे अंतर-हिमनद काल से गुजर रहे थे क्योंकि बर्फ की चादरें 25 लाख वर्ष पहले उच्च अक्षांशों को ढके हुए थीं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट सरपंच सहित तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में सरपंच सहित तीन लोगों के विरूद्ध एक महिला के साथ गाली गलौज, मारपीट व गलत इशारा किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम नांदगांव की एक महिला ने एफआईआर में बताया कि वह भूमिहीन है। सरपंच भारत गेंड्रे ने प्रार्थिया को 19 जनवरी को ब्यारा में बुलाकर गलत इशारा व गाली गलौज कर कहा कि तुम्हारा नाम भूमिहीन सूची से नाम काट दिया गया है। इस दौरान सरपंच के साथियों द्वारा प्रार्थिया के साथ गाली गलौज व मारपीट भी की गई। वहीं शाम 6 बजे ग्राम पंचायत नांदगांव के सरपंच भारत गेंड्रे, केशरी गेंड्रे, सुजीत गेंड्रे द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3), 79 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**हादसा :** तेज रफ्तार कार पोल तोड़ते हुए पेड़ से टकराई, उड़े परखच्चे

# जन्मदिन मनाने निकले छह दोस्तों में से दो की सड़क हादसे में मौत, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला मुख्यालय में शुक्रवार 6 फरवरी की अलसुबह खुशियों से भरी एक छोटी-सी यात्रा देखते ही देखते मातम में बदल गई। दोस्त का जन्मदिन मनाने माकड़ी जा रहे युवकों की तेज रफ्तार कार गोविंदपुर के पास भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। अनियंत्रित कार पहले सड़क किनारे लगे लोहे के पोल से टकराई, फिर उसे तोड़ते हुए पेड़ से जा भिड़ी। हादसा इतना भयावह था कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर व अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो को हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार डिजायर कार क्रमांक सीजी 19 बीएच 0146 में सवार छह युवक शहर का एक चक्कर लगाने के बाद माकड़ी की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 3 बजे गोविंदपुर के पास अचानक सामने आई गाय को बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार पहले लोहे के पोल से टकराई, पोल को तोड़ते हुए आगे बढ़ी और अंततः एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोग भी दहल उठे। हादसे के समय कार में सवार युवकों में भावेश गजबल्ला पिता विकास गजबल्ला, उम्र 17 वर्ष, निवासी गोविंदपुर (कार चालक), युवराज कल्लो पिता लालसाय, उम्र 15 वर्ष, निवासी एकता नगर, वेदांत पटेल (साहू) पिता संतराम, उम्र 16 वर्ष, निवासी ठेलकाबोड़ नगर, हर्ष मसीह पिता हाबिल, उम्र 18 वर्ष, निवासी शिवनगर, रोहन ध्रुव पिता महेश ध्रुव, उम्र 19 वर्ष, निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी और आयुष कोर्राम पिता कार्तिक कोर्राम, उम्र 15 वर्ष, निवासी उदयनगर शामिल रहे।

### चार घायल, दो रायपुर रेफर

हादसे में घायल हुए चार युवकों को पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुँचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद वेदांत और युवराज को मृत घोषित कर दिया, वहीं गंभीर रूप से घायल भावेश गजबल्ला और आयुष कोर्राम को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

# प्राचार्य ने स्कूल में छात्रा से की छेड़छाड़, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाड्रफनगर

स्कूल में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ स्कूल के प्राचार्य ने किया है। जिस प्राचार्य के भरोसे माता पिता अपने बच्चों को स्कूल भेज रहे है। उसने बच्ची के साथ स्कूल परिसर के अन्दर ही अमानवीय कृत्य किया है। अब मामले में परिजन की शिकायत पर पुलिस ने प्राचार्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है जबकि आरोपी प्राचार्य फरार बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत शासकीय उमावि बरतीकला में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा ने स्कूल के प्राचार्य युवधन जायसवाल पर बैड टच का आरोप लगाया है। छात्रा की इस शिकायत के बाद स्कूल प्रबंधन में भी हड़कंप मच गया है। छात्रा ने मामले की जानकारी अपने परिजन को दी, जिसके बाद परिजन ने इस मामले की शिकायत वाड्रफनगर चौकी पुलिस से की है। शिकायत के बाद पुलिस ने इस मामले में प्राचार्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। अभिभावकों में भी रोष का माहौल है। वहीं इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद जांच टीम का गठन किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI**

दुर्ग शाखा, प्रथम तल, इंदिरा मार्केट, दुर्ग (छ.ग.), फोन- 0788-4017877/2327877, ई-मेल-durg.raipur@bankofindia.co.in

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, दुर्ग शाखा, अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, दुर्ग शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| श्री जयचंद तिग्गा पिता श्री भोदारो तिग्गा एवं श्रीमती प्लासिया तिग्गा पति जयचंद तिग्गा | साम्यिक बंधक की रिहायशी संपत्ति जिसका खसरा संख्या 80/6, 80/5, 80/7, 80/8 के भाग, प.ह.नं. 19/23, फ्लैट संख्या ए-101, प्रथम तल, मेसर्स लैंडमार्क एसोसिएट्स, आनंद विहार, फेज-2, मौजा-पोटियाकला, तहसील एवं जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, श्रीमती प्लासिया टिग्गा पति श्री जयचंद टिग्गा एवं श्री जयचंद टिग्गा पिता श्री भोदारो टिग्गा के नाम पर स्थित है। क्षेत्रफल 878 वर्ग फुट है। **चौहद्दी:**- पूर्व-फ्लैट संख्या ए-102, पश्चिम-खुला आसमान, उत्तर-खुला आसमान, दक्षिण-गलियारा। | दिनांक 29.11.2025<br>कब्जा दिनांक 02.02.2025 | ₹ 10,09,037.21/- (दस लाख नौ हजार सैंतीस रुपये एवं इक्कीस पैसे) + ब्याज + अन्य व्यय |

दिनांक : 07.02.2026, स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

# रील के चक्कर में स्कूलों के छात्र फेयरवेल पर कर रहे जानलेवा स्टंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ट्रेंड फॉलो करने के चक्कर में जेन-जी छात्र अपनी जान जोखिम में डालते नजर आ रहे हैं। कसडोल विकासखंड सहित बलौदाबाजार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के एक के बाद एक वीडियो सामने आ रहे हैं, जिसमें वे फेयरवेल पार्टी के दौरान लग्जरी गाड़ियों और ट्रैक्टरों में खतरनाक स्टंट करते हुए स्कूल पहुंच रहे हैं। सरकार ने सरकारी स्कूल और आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जैसे संस्थान इस उद्देश्य से शुरू किए थे कि आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब तबके के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा मिल सके। लेकिन जब इन्हीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र लग्जरी गाड़ियों में आते नजर आते हैं तो यह स्थिति कुछ और ही कहानी बयां करती है। इससे यह आशंका मजबूत होती है कि योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। इन वायरल वीडियो में छात्रों का काफिला इस अंदाज में चलता दिखाई दे रहा है मानो किसी मंत्री या सीएम का काफिला गुजर रहा हो। तेज रफ्तार वाहन, नियमों की अनदेखी और स्टंटबाजी न केवल छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है बल्कि आम लोगों के लिए भी जोखिम पैदा कर रही है। जानकारी के अनुसार फेयरवेल पार्टी के दिन छात्र कारों और ट्रैक्टरों पर खड़े होकर बोनट पर बैठकर और खिड़कियों से बाहर लटकते हुए स्टंटबाजी करते दिखाई दिए।

### कटगी में सामने आया पहला मामला

कटगी क्षेत्र में शासकीय स्कूल के छात्रों की फेयरवेल पार्टी के दौरान 15 से 20 लाख की लग्जरी गाड़ियों का उपयोग किया गया। बताया गया कि एक वाहन किराए पर लिया गया था, जबकि अन्य वाहन छात्रों के परिजनों के थे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 16 बालिग छात्रों सहित कुल 26 वाहन चालकों के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चालन के तहत चार आपराधिक प्रकरण दर्ज किए। साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां वाहन मालिकों पर 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### छेछर से सामने आया ताजा मामला


तीसरी घटना ग्राम छेछर की है, जहां छात्रों द्वारा ट्रैक्टर और कारों में स्टंट करते हुए स्कूल पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना ने भी लोगों में नाराजगी और चिंता बढ़ा दी है।

### आत्मानंद स्कूल से भी वीडियो वायरल

दूसरा मामला कसडोल स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल से जुड़ा है। शनिवार को आयोजित फेयरवेल पार्टी के बाद छात्र-छात्राएं तेज रफ्तार वाहनों में सवार होकर सड़क पर स्टंट करते नजर आए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, हालांकि मामले में अभी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# सीजीएमएससी की कार्यप्रणाली से एचसी नाराज, एक लाख की लगाई पेनाल्टी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड ( सीजीएमएससी ) की मनमानी कार्यप्रणाली पर सख्त रुख अपनाते हुए एक लाख की एक्सेम्प्लरी कास्ट लगाने का आदेश दिया है। इस राशि का चेक याचिकाकर्ता के खाते में जमा किया जाएगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट रूप से यह पाया कि सीजीएमएससी ने स्पष्टीकरण से जुड़ा अहम ई-मेल गलत और असंबंधित ई-मेल आईडी पर भेजकर याचिकाकर्ता को अवैध रूप से अयोग्य ठहराया था। याचिकाकर्ता नटवर लाल अग्रवाल रायगढ़ ने याचिका दायर की है कि सरकार के लिए अधिक लाभकारी न्यूनतम दर प्रस्तुत किए जाने के बावजूद उनकी वित्तीय बोली खोली ही नहीं गई। एडवोकेट आशुतोष मिश्रा के माध्यम से पेश याचिका के अनुसार पत्थलगांव जशपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतबा का भवन व अस्पताल निर्माण किया जाना था। इसमें 4 करोड़ के टेंडर के लिए याचिकाकर्ता ने सबसे कम बोली लगाईं थी। इसके बाद भी उन्हें यह टेंडर नहीं दिया गया।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि, जिन दस्तावेजों के आधार पर रायगढ़ स्थित 100 बिस्तर अस्पताल का उन्हें टेंडर प्रदान किया जा चुका है।



### समान अवसर के सिद्धांत को कुचला

सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि, प्रतिवादी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड का यह आचरण संविधान के अनुच्छेद 14 का सीधा उल्लंघन है और सार्वजनिक निविदा प्रक्रिया में समान अवसर के सिद्धांत को कुचलता है। कोर्ट ने हालांकि इस अस्पताल परियोजना को जनहित में जारी रखा लेकिन सीजीएमएससी की मनमानी स्वीकार करते हुए कोर्ट ने याचिकाकर्ता को 1 लाख का मुआवजा देने का आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अशुतोष मिश्रा तथा सीजीएमएससी की ओर से अधिवक्ता राघवेंद्र प्रधान ने पैरवी की।

epaper : www.haribhoomi.com

**हरिभूमि CLASSIFIED**

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर, वर्किंग पार्टनर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016.** (RO-348)

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact **7999611198, 9131205196;** Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**टीचर/आयामदर**

आवश्यकता है- हिंदी माध्यम के सेवार्थ संचालित गौकर्ण हायर सेकेंडरी स्कूल सेजबहार-घुसेरा, रायपुर में प्लेग्रुप से मिडिल तक पढ़ाने (पार्ट/फुलटाईम) टीचर, आयमदार, गेटकीपर चाहिए. शाकाहारी, संस्कारी, ग्रामीण गृहस्थ, आवेदकों को प्राथमिकता स्वीकृति पश्चात ही साक्षात्कार में आये **संपर्क 9977604440 (सुबह 8 से 9 तक) मानदेय व सुविधाएं योग्यतानुसार**(RO-0343)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**नर्सिंग स्टाफ/असिस्टेंट**

आवश्यकता है- बीएससी नर्सिंग स्टॉफ -10, नर्सिंग असिस्टेंट- 10, वार्ड बॉय- 10 की आवश्यकता है रहने की सुविधा **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.**(RO-514)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- तेलीबांधा, कटोरा तालाब, मोतीबाग, एम.जी. रोड, सरोना, चंदनडीह, हेतु सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार। **संपर्क 9981144486.**(RO-6661)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल बैडशीट-परदे की दुकान में काम हेतु लड़के/लड़कियों की आवश्यक्ता है। **संपर्क. कुशल टेक्सटाइल, 124, महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर मों. 7987607137.** (RO-0342)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए अनुभवी लड़के एंव लड़की की आवश्यकता हैं। वेतन योग्यतानुसार **मुस्कान सेल्स फूल चौक 9827107398.** (RO-6658)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर vip वी आई पी कॉलोनी में घरेलू काम , झाड़ू पोंछा, चौका, बर्तन तथा साफ सफाई के लिए महिला कर्मी की आवश्कता है, **संपर्क करें 9425205358, 9424205358.**(RO-25)

**ऑपरेटर**

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चलाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है **संपर्क:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर के पास रायपुर 98271-14645, 91311-39179.**(RO-515)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**पेट्रोल पंप कर्मी**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर संपर्क करें - 9340741230.**(RO-6666)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- रायपुर में एक बूढ़े व्यक्ति के रोज के कामों में मदद करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। रहने और खाने की व्यवस्था है। आधार और अपना फोन होना चाहिए। **संपर्क करें 9752540608.**(RO-478)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और सोलर एनर्जी की मार्केटिंग हेतु 40 युवक-युवतियों की। कार्यक्षेत्रः- बालोद और दुर्ग जिला। वेतन + कमीशन 15000/- से 45000/- **संपर्क करें- छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स बस स्टैंड बालोद , मो.नं. -9893466123, 9243429785.**(आरो न.-219)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़का/ लड़की की आवश्यकता है (थोड़ा बहुत हिंदी कंप्यूटर टाइपिंग आता हो) **संपर्क:- रमेश कुमार प्रसाद (अधिवक्ता) बनरसी नहर रोड, माना कैंप रायपुर 9993694470, 8120736802.**(RO-513)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-28, 10th, 12th पास जो आगरा में काम कर सके वेतन 12,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र **संपर्क करे - इंटरव्यू परशुराम चौक चम्पा 9359941800, 9244274370.**(RO-526)

छोटा विज्ञापन

**अकाउन्टेंट**

Requirment- Hiring for a Chartered Accountant (CA) office in Mowa area Raipur looking for Male Account Executive / Junior Accountant /Paid Assistant. Salary No bar.Phone No : **8770599560.**(RO-6663)

**सेल्स एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- रीजॉय सोलर पावर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, वीडियो एडिटर/ वीडियोग्राफर **,पता- प्रगति नगर मार्केट रिसाली भिलाई ,नियर होटल समाइरा इन मो .9770577527.**(आरो न.-220)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000 + कमीशन + बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें- 8085189675, 8962000161.** (Ro- 528)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्क:- 7587708423.**(RO-511)

**Property प्रापर्टी**

कृषि भूमि बेचना है- कृषि भूमि खेत बेचना है 2.14 एकड़ आदिवासी की है ग्राम-बासिन,(खेदेमारा / जमुल रोड) .दुर्ग छत्तीसगढ़ **मोबाइल 7987002803.** (RO-6665)

क्लासीफाईड







**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए, किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**विज्ञापन बुकिंग टाइम**
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक



**एक्शन-थ्रिलर फिल्म सूबेदार का पोस्टर रिलीज : मुंबई।** सूबेदार फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा ना होने के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। इस मूवी में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में नजर आएंगे। यह एक एक्शन-थ्रिलर मूवी है। फिल्म सूबेदार के पोस्टर में अनिल कपूर स्वैग के साथ पंच मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्टर को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में ताबड़तोड़ एक्शन करेंगे। यह मूवी अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग

सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर-492001 दूरभाष क्र.-0771-4073568 फैक्स: 4073553
वेब साईट www.cserc.gov.in ई-मेल : cserc.sec.cg@nic.in

### टैरिफ याचिकाओं पर जन-सुनवाई हेतु सूचना

विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 62 एवं 86(1)(a) के अन्तर्गत राज्य के स्वामित्व वाली बिजली कंपनियाँ छ.ग.राज्य विद्युत उत्पादन कं. मर्या. (CSPGCL), छ.ग. राज्य विद्युत पारेषण कं. मर्या. (CSPTCL) एवं छ.ग.राज्य विद्युत वितरण कं.मर्या. (CSPDCL) द्वारा वर्ष 2024-25 ट्रू-अप एवं वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता के अनुमोदन हेतु आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है। विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 62 एवं 86(1)() के अन्तर्गत ही छ.ग.राज्य विद्युत उत्पादन कं. मर्या. (CSPGCL) द्वारा अपने लघु जल विद्युत संयंत्रों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के लिए टैरिफ निर्धारण हेतु आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है। विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 32(3) के अन्तर्गत छ.ग.राज्य भार प्रेषण केन्द्र (SLDC) द्वारा वर्ष 2024-25 का ट्रू-अप एवं वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता के अनुमोदन हेतु आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है। उक्त याचिकाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है:-

| अ. क्र. | याचिका क्रमांक | याचिकाकर्ता | संक्षिप्त विवरण | सरांष के प्रकाषन का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 102/2025 | CSPGCL | वित्तीय वर्ष 2024-25 का ट्रू-अप एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता के अनुमोदन हेतु | 17/01/2026 |
| 2. | 01/2026 | CSPGCL | CSPGCL के लघु जलविद्युत संयंत्रों हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 हेतु टैरिफ के निर्धारण हेतु। | 17/01/2026 |
| 3. | 05/2026 | CSTCL | वित्तीय वर्ष 2024-25 का ट्रू-अप, वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता का अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ट्रान्समिशन टैरिफ के निर्धारण हेतु | 31/01/2026 |
| 4. | 08/2026 | CSLDC | वित्तीय वर्ष 2024-25 का ट्रू-अप, वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता का अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु SLDC शुल्क एवं प्रभार के निर्धारण हेतु | 31/01/2026 |
| 5. | 103/2025 | CSPDCL | वित्तीय वर्ष 2024-25 का ट्रू-अप, वित्तीय वर्ष 2026-27 से वित्तीय वर्ष 2029-30 के वार्षिक राजस्व आवश्यकता का अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु खुदरा दर के निर्धारण हेतु | 21/01/2026 |

उक्त याचिकाओं के अतिरिक्त, छ.ग.राज्य विद्युत उत्पादन कं. मर्या. (CSPGCL), छ.ग. राज्य विद्युत पारेषण कं. मर्या. (CSPTCL), छ.ग.राज्य भार प्रेषण केन्द्र (SLDC) एवं छ.ग.राज्य विद्युत वितरण कं.मर्या. (CSPDCL) द्वारा वर्ष 2026-27 से वर्ष 2029-30 के लिए पूंजीगत निवेश योजना के अनुमोदन हेतु आयोग के समक्ष निम्नलिखित याचिकाएं प्रस्तुत की गई है:-

| अ. क्र. | याचिका क्रमांक | याचिकाकर्ता | संक्षिप्त विवरण | सराश के प्रकाशन का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 02/2026 | CSPGCL | वर्ष 2025-26 से वर्ष 2029-30 के लिए पूंजीगत निवेष योजना के अनुमोदन हेतु | 17/01/2026 |
| 2. | 06/2026 | CSPTCL | - तदैव - | 31/01/2026 |
| 3. | 07/2026 | CSLDC | - तदैव - | 31/01/2026 |
| 4. | 104/2025 | CSPDCL | - तदैव - | 21/01/2026 |

उक्त याचिकाओं के अतिरिक्त, छ.ग.राज्य विद्युत वितरण कं. मर्या. (CSPDCL) ने दिनांक 11/07/2025 के टैरिफ आदेश के पुर्नपरिक्षण हेतु याचिका दायर की है जिसे याचिका क्र.90/2025 के रूप में पंजीकृत किया गया है। CSPDCL द्वारा दिनांक 21/01/2026 को हितधारकों से आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित करने हेतु नोटिस प्रकाशित किया गया है।

याचिकाकर्ता द्वारा उपरोक्त याचिकाओं पर आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने हेतु याचिकाओं के सार को समाचार पत्रों में उपरोक्त दर्शाए गए दिनांक को प्रकाशित किया गया है। ये याचिकाएं आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in एवं याचिकाकर्ता के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

आयोग द्वारा CSPDCL के 6 क्षेत्रों नामतः दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर, जगदलपुर, एवं रायगढ़ के लिए नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन जन-सुनवाई आयोजित करने का निर्णय लिया गया है:-

| क्षेत्र/वृत्त का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| दुर्ग | 17/02/2026 | प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 |
| बिलासपुर | | दोपहर 12:00 से दोपहर 01:30 |
| राजनांदगांव | | दोपहर 03:00 से दोपहर 04:30 |
| अम्बिकापुर | 18/02/2026 | प्रातः 10:30 से दोपहर 12:00 |
| जगदलपुर | | दोपहर 12:00 से दोपहर 01:30 |
| रायगढ़ | | दोपहर 03:00 से दोपहर 04:30 |

इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित कार्यालयों में उपस्थित होकर उपरोक्त सुनवाई में भाग ले सकते हैं, जहाँ ऑनलाइन जन-सुनवाई की व्यवस्था की गई है :-

| क्षेत्र/मण्डल का नाम | स्थान |
|---|---|
| दुर्ग | Office of the Chief Engineer (Durg Region), CSPDCL, Near Raipur Naka, Opposite to BIT College, Durg (C.G.) – 491001, phone: 0788-2210150 Email: ED.Durg@cspc.co.in |
| बिलासपुर | Office of the Executive Director (Bilaspur Region), CSPDCL, Administrative Building, Tifra, Bilaspur (C.G.) – 495001, phone: 07752-427000 Email: Rce.Bilaspur@cspc.co.in |
| राजनांदगांव | Office of the Executive Director (Rajnandgaon Region), CSPDCL, Near Parri Nala National Highway, GE Road, Rajnandgaon (C.G.)– 491441, phone: 07744-228210 Email: Rce.Rajnandgaon@cspc.co.in |
| अम्बिकापुर | Office of the Chief Engineer (Ambikapur Region), CSPDCL, Ambikapur/Bishunpur Dist- Sarguja (C.G.) – 497001, phone: 07774-231653 Email: CEOnM.Ambikapur@cspc.co.in |
| जगदलपुर | Office of the Executive Director (Jagdalpur Region), CSPDCL, 132KV Sub-Station, Gidam Road, Jagdalpur Dist- Bastar (C.G.) 494001, phone: 07782-231545 Email: Rce.Jagdalpur@cspc.co.in |
| रायगढ़ | Office of the Executive Director (Raigarh Region), CSPDCL, Near Gopi Takies, Shahid Chowk, Raigarh (C.G.) – 496001 Telephone: 07762-225221 Email: Rce.raigarh@cspc.co.in |

उक्त ऑनलाइन जन-सुनवाई के अलावा आयोग द्वारा उक्त याचिकाओं पर आयोग के कोर्ट रूम, रायपुर में जन-सुनवाई करने का निर्णय लिया गया है। आयोग द्वारा यह जन-सुनवाई नीचे विनिर्दिष्ट तिथियों एवं समय पर की जाएगी:-

| दिनांक | सुनवाई का समय | उपभोक्ता श्रेणी |
|---|---|---|
| 19/02/2026 (गुरूवार) | दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक | कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य |
| | दोपहर 2:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक | घरेलू |
| | दोपहर 4:00 बजे से सांयः 5:30 बजे तक | गैर-घरेलू |
| 20/02/2026 (शुक्रवार) | दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक | स्थानीय निकाय, नगर निगम, ट्रेड यूनियन एवं अन्य |
| | दोपहर 2:30 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक | निम्नदाब उद्योग |
| | दोपहर 4:00 बजे से सांयः 5:30 बजे तक | समस्त उच्चदाब |

इच्छुक पक्षकार अपनी आपत्ती/सुझाव के साथ उक्त समय-सारिणी के अनुसार आयोग के समक्ष प्रस्तुत हो सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति सुनवाई के दौरान प्रस्तुतीकरण देना चाहता है तो आयोग के सचिव को अग्रिम सूचना देना अनिवार्य होगा। उपरोक्त जन-सुनवाई की तिथि में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसे आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in के माध्यम से सूचित की जाएगी।

सचिव

# धुरंधर-2 में एक्शन मोड में देंगी दिखाई



**मुंबई।** धुरंधर की सक्सेस के बाद अब 'धुरंधर 2' आने वाली है। ये फिल्म मार्च में आएगी और इसमें यामी गौतम का कैमियो होगा। जी हां, ये बात अब कन्फर्म हो गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधर द रिवेंज' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अब एक और बड़ा नाम जुड़ गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस और आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम के फिल्म में कास्ट होने की खबर पक्की हो गई है। आइए आपको बताते हैं कि उनका फिल्म में रोल कैसा होगा। फिल्म में यामी का सिर्फ कैमियो होगा, लेकिन कहानी को आगे बढ़ाने में उनका रोल बड़ा अहम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यामी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। सूत्रों का कहना है कि 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'आर्टिकल 370' में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं यामी इस फिल्म में एक्शन मोड में दिखाई देंगी। फिल्म से जुड़े सूत्रों का कहना है कि यामी का किरदार फिल्म के नैरेटिव (कहान) को एक नई दिशा देगा। हालांकि, यह एक छोटा रोल है, लेकिन इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दर्शक हैरान रह जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि 'उरी' (2019) के करीब 7 साल बाद आदित्य धर और यामी गौतम फिर से साथ में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। स्टार कास्टः फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में होंगे। उनके अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल जैसे दिग्गज कलाकार भी फिल्म में नजर आएंगे। 'धुरंधर 2' 19 मार्च, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'धुरंधर' 2025 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1300 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया था।

# रामायण फिल्म में विजय सेतुपति विभीषण का निभाएंगे किरदार...




**मुंबई।** फिल्म रामायण को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं। इसका पहला पार्ट इस साल दिवाली पर रिलीज होगा, वहीं दूसरा पार्ट अगले साल की दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। हाल ही में फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में रणबीर कपूर जहां राम भगवान का किरदार निभा रहे हैं। वहीं, साउथ एक्टर यश, रावण के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही में एक यह खबर सामने आई है कि फिल्में विजय सेतुपति भी होंगे। 'रामायण' में विजय सेतुपति रावण के रोल भाई का रोल करेंगे वह विभीषण के रोल में दिखाई देंगे। फिल्म में यह किरदार अच्छाई का प्रतीक है। विभीषण, अपने भाई रावण के बजाय भगवान राम का साथ देते हैं। फिल्म में विजय सेतुपति यह किरदार निभाएंगे, इसे लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, यश के अलावा सनी देओल, रवि दुबे और साई पल्लवी जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे।

# अरिजीत सिंह ने नए गाने में यूलिया के साथ दी आवाज



**मुंबई।** प्लेबैक सिंगिंग से अपने रिटायरमेंट की घोषणा करने के बाद से अरिजीत सिंह लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। इस बीच अब अरिजीत सिंह के नए गाने का टीजर सामने आया है। अरिजीत ने ये गाना शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में गाया है, जिसमें यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत सलमान खान के म्यूजिक लेबल के तहत तैयार किया गया है। जो राजन द्वारा निर्देशित शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' के पहले गीत 'तेरे संग' का टीजर शुक्रवार को जारी किया गया है। गाने में यूलिया वंतूर और दीपक तिजोरी नजर आ रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने यूलिया के साथ मिलकर गाया है। यह गाना सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक के बैनर तले लॉन्च किया गया है। यूलिया का नाम पिछले काफी वक्त से सलमान खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। ऐसे में अब यूलिया की शॉर्ट फिल्म के गाने को भी सलमान खान द्वारा ही लॉन्च किया गया है।

## टीवी मसाला



# गुमनामी के साये में दूरदर्शन की रामायण के 'भगवान शिव'

**नई दिल्ली।** 1987 में टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण शो को पहली बार टेलीकास्ट किया गया था। निर्देशक रामानंद सागर के इस माइथोलॉजिकल शो की कास्ट की चर्चा अक्सर की जाती है। खासतौर पर भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले कलाकारों का नाम इसमें शामिल रहता है। लेकिन बहुत कम बार रामायण के गुमनाम कलाकारों के बारे में बात की जाती है। इस आधार पर आज हम आपको टीवी की रामायण में भगवान शिव की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विजय कविश का नाम शामिल होता है। टीवी सीरियल रामायण में विजय कविश ने बखूबी भगवान राम की भूमिका को निभाया था। अपने कमाल की एक्टिंग के लिए उनकी काफी प्रशंसा हुई। लेकिन, आज वह कहां और क्या कर रहे हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। हम आपको बता दें कि विजय मुंबई में बतौर डायरेक्टर और एडिटर सक्रिय हैं। वह यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर अपनी शॉर्ट फिल्में और सीरीज को अपलोड करते हैं। हालांकि, फिल्मों और टीवी सीरियल्स में उनका उतना मौका नहीं मिल रहा है। एक तरह से रामायण से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले विजय कविश फिलहाल एक तरह से संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। गौर किया जाए उनके लुक की तरफ तो समय के साथ-साथ उनकी उम्र हो गई है और लुक पूरी तरह से बदल गया है। जिसका अंदाजा आप उनकी इन तस्वीरों को देखकर आसानी से लगा सकते हैं। रामानंद सागर की रामायण के अलावा विजय कपिश उत्तर रामायण में भी नजर आए थे, जिसमें उन्होंने महर्षि वाल्मीकि का किरदार अदा किया था। सिर्फ छोटे पर्दे के शो के अलावा विजय कविश ने बतौर अभिनेता फिल्मों में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
24/7 Emergency Services
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

VASCULAR
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### टी20 विश्व कप से बाहर हेजलवुड

**मेलबर्न।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए। आस्ट्रेलिया उनके विकल्प की घोषणा नहीं करेगा। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने पहले कहा था कि हेजलवुड टूर्नामेंट के बीच में या आखिर में टीम से जुड़ेंगे । टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में शनिवार से शुरू हो रहा है। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा ,'हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर आठ चरण तक फिट हो जाएंगे लेकिन ताजा संकेत मिले हैं कि उसे फिट होने में समय लगेगा और जल्दबाजी करना जोखिमभरा हो सकता है।' उन्होंने कहा,' हम किसी विकल्प की तुरंत घोषणा नहीं करेंगे। बाद में जरुरत के समय देखा जाएगा।' ग्रुप चरण में नाथन हिल्स और टिम डेविड उपलब्ध हो जाएंगे जबकि एडम जम्पा पहला मैच खेलेंगे।

### फोकस सुपर आठ में जगह बनाने पर : आगा

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा कि भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार से जुड़ी बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं देकर उनकी टीम टी20 विश्व कप ग्रुप चरण के सारे मैच जीतकर सुपर आठ में जगह बनाने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान ने 2009 में खिताब जीता था। सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार की वजह से विश्व कप से बाहर हुई बांग्लादेश टीम के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप मैच खेलने से इनकार कर दिया है। यह पूछने पर कि वह हालात से कैसे निपटेंगे, सलमान ने कहा,' उस पर ध्यान नहीं देकर। हम एक टीम के रूप में उस पर बात नहीं करते और टीम से बाहर हो रही चीजों को नहीं देखते। हम यही कर सकते हैं। हम इस पर ध्यान नहीं देकर अपने प्रदर्शन पर फोकस करेंगे।'



### विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने में संकोच नहीं

**मुंबई।** कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि अगर जरुरत पड़ी तो भारत टी20 विश्व कप में दो स्पिनरों को खिलाने से संकोच नहीं करेगा। उन्होंने साथ ही वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव को लेकर चयन की उलझन को 'बहुत अच्छा सिरदर्द' बताया। कुलदीप और वरुण दोनों ने टी20 विश्व कप से पहले भारत की अंतिम श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 सीरीज में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों को एक साथ केवल रायपुर में हुए दूसरे टी20 मैच में ही मौका मिला, जिसमें भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की।अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले से पहले सूर्यकुमार ने कहा, 'यह एक अतिरिक्त फायदा है कि आपके पास इतने अच्छे गेंदबाज उपलब्ध हैं।





**अंडर-19 वर्ल्ड कप : इंग्लैंड को 100 रन से रौंदकर भारत छठी बार बना वर्ल्ड चैंपियन**

# क्रिकेट का नया 'सूर्य'! 14 साल के वैभव का गरजा बल्ला, लगाए 15 चौके और 15 छक्के

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा, जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 55 गेंद खेलीं । उन्होंने अपनी पारी के साथ रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी । चौदह साल के सूर्यवंशी ने 80 गेंद में 175 रन बनाए और अब वह अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (71 गेंदों में) बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। भारत ने इंग्लैंड को वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में 100 रन से मात देकर छठी बार खिताब अपने नाम कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए इस ऐतिहासिक मुकाबले में भारत के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 30 बाउंड्री के साथ 175 रन की यादगार पारी खेली। म्हात्रे 51 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अंतिम ओवरों में 37 रन की नाबाद पारी खेलते हुए कनिष्क चौहान ने भारत को 411/9 के स्कोर तक पहुंचा दिया।




### 311 रन पर सिमटी इंग्लिश टीम

412 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम 40.2 ओवरों में 311 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 19 के स्कोर पर जोसेफ मूर्स (17) का विकेट खो दिया था। यहां से बेन डॉकिन्स ने बेन मेयस के साथ दूसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की।

### वैभव ने तोड़ा 18 साल पुराना रिकॉर्ड

वैभव ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में अपनी पारी के दौरान 15 छक्के लगाए और वो अंडर 19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर बने। वैभव ने 18 साल पुराने ऑस्ट्रेलिया के बैटर माइकल हिल का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने साल 2008 में नामिबिया के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 12 छक्के लगाए थे। इस लिस्ट में ऑस्ट्रेलिया के ही क्रेग सिमंस हैं, जिन्होंने साल 2002 में केन्या के खिलाफ अपनी पारी में 11 छक्के लगाए थे।

### अंडर19 वर्ल्ड कप की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के

**15 – वैभव सूर्यवंशी**
(भारत) बनाम इंग्लैंड, हरारे, 2026
**12 – माइकल हिल**
(ऑस्ट्रेलिया) बनाम नामिबिया, पेनांग, 2008
**11 – क्रेग सिमंस**
(ऑस्ट्रेलिया) बनाम केन्या, डुनेडिन, 2002

### यूथ वनडे में सबसे ज्यादा रन वैभव के नाम

वैभव 175 रन की पारी खेलने के बाद यूथ वनडे में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। वैभव के नाम पर अब यूथ वनडे में 25 मैचों में 1412 रन हो गए हैं और वो विजय जोल से आगे निकल गए, जिनके नाम पर यूथ वनडे में 36 मैचों में 1404 रन दर्ज थे। तीसरे स्थान पर यशस्वी जायसवाल हैं, जिन्होंने 27 मैचों में 1386 रन बनाए हैं।

### फाइनल में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़

अंडर-19 वर्ल्ड कप फाइनल में शतक जमाने वाले वैभव सूर्यवंशी अब दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज़ बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो के नाम था, जिन्होंने 17 साल की उम्र में अंडर-19 वर्ल्ड कप में शतक जड़ा था।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 | 11 | 2 | 0 |
| सूर्यवंशी का रियू बो लम्सडेन | 175 | 80 | 15 | 15 |
| म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 | 51 | 7 | 2 |
| त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 | 36 | 3 | 0 |
| मल्होत्रा का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 | 36 | 2 | 0 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 | 31 | 6 | 1 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 | 24 | 2 | 0 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 | 20 | 3 | 1 |
| पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 | 4 | 0 | 0 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 | 7 | 0 | 0 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त : 09,** कुल योग : 50 ओवर में 411/9 रन
गेंदबाजी : सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

| इंग्लैंड पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डॉकिन्स का खिलन पटेल बो म्हात्रे | 66 | 56 | 7 | 2 |
| जोसफ मूर्स बो अंबरीश | 17 | 16 | 4 | 0 |
| मेयेस का हेनिल पटेल बो खिलन पटेल | 45 | 28 | 7 | 2 |
| थॉमस रियू का म्हात्रे बो चौहान | 31 | 18 | 4 | 1 |
| फाल्कनर का खिलन पटेल बो चौहान | 115 | 67 | 9 | 7 |
| राल्फी अलबर्ट रन आउट | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अहमद का कुंडू बो दीपेश | 01 | 2 | 0 | 0 |
| मोर्गन का एवं बो दीपेश | 00 | 2 | 0 | 0 |
| जेम्स मिंटो का सब बो अंबरीश | 28 | 41 | 2 | 0 |
| लम्सडेन का त्रिवेदी बो अंबरीश | 03 | 10 | 0 | 0 |
| एलेक्स ग्रीन नाबाद | 00 | 0 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल योग : 40.2 ओवर में 311 /10 रन
गेंदबाजी : अंबरीश 9-1-56-3, हेनिल पटेल 4-2-28-0, दीपेश देवेंद्रन 6-0-64-2, खिलन पटेल 8-0-66-1, कनिष्क चौहान 8.2-0-63-2, आयुष म्हात्रे 5-0-31-1

# अमेरिका से भिड़ंत आज जीत के साथ खिताबी सफर शुरू करने उतरेगा भारत


टी20 विश्व कप

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा जेहन में और क्रिकेटप्रेमियों की अपेक्षाओं का बोझ कंधों पर रहेगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारुप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम अभी भी सबसे दमदार दावेदार है।

भारत ने उसके बाद से 9 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत शामिल है। पिछले पूरे साल खराब फॉर्म से जूझते रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव का बल्ला भी अब खामोश नहीं है, जिससे रही सही कसर भी पूरी हो गई। ईशान किशन ने विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जबर्दस्त फॉर्म के साथ वापसी की है। ईशान और अभिषेक शर्मा की जोड़ी से भारतीय टीम को काफी उम्मीदें हैं चूंकि दोनों का प्रदर्शन अभी तक जबर्दस्त रहा है। अमेरिकी टीम में कई जाने माने चेहरे दिख जाएंगे। इसी मैदान पर कभी उन्होंने शुभम रंजने, हरमीत सिंह और सौरभ नेत्रवलकर के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया था। पिच और हालात की जानकारी का तीनों 'मुंबईकर' अमेरिकी खिलाड़ियों को अतिरिक्त फायदा मिलेगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा,वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान ), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केनिजे, सौरभ नेत्रवलकर।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप : ज्ञानेश्वरी ने जीता गोल्ड, कोयल ने ब्रेक किए 5 रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मोदीनगर

ज्ञानेश्वरी यादव ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोयल बोर ने युवा और जूनियर वर्गों में पांच राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। अखिल भारतीय पुलिस का प्रतिनिधित्व करने वाली राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता ज्ञानेश्वरी ने कुल 186 किलोग्राम (83 किलोग्राम + 103 किलोग्राम) भार उठाकर सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल की कोयल ने कुल 185 किलोग्राम (83 किलोग्राम + 102 किलोग्राम) भार उठाकर ज्ञानेश्वरी से एक किलोग्राम कम भार उठाया और युवा वर्ग में तीन



नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने स्नैच में 78 किलोग्राम, क्लीन एवं जर्क में 99 किलोग्राम और कुल भार में 175 किलोग्राम के पिछले रिकॉर्ड को पार किया। उन्होंने जूनियर वर्ग में भी दो राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। इसमें स्नैच में 81 किलोग्राम और कुल भार में 181 किलोग्राम का रिकॉर्ड तोड़ना शामिल है। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की वीरजीत कौर ने कुल 182 किलोग्राम (81 किलोग्राम + 101 किलोग्राम) भार उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।

## राणा टी20 विश्व कप से बाहर, सिराज को मौका

**मुंबई।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में घुटने की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर होना पड़ा और उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति /"अच्छी नहीं लग रही।/" अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा, '45 टेस्ट, 50 वनडे और 16 टी20 मैच खेल चुके सिराज को राणा के स्थान पर



भारतीय टीम में शामिल किया गया है। राणा को चार फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।' सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। भारतीय टीम विश्व कप में अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगी।

**डेविस कप क्वालीफायर: आज भारत और नीदरलैंड में भिड़ंत**

# नीदरलैंड के सामने तेज कोर्ट पर दक्षिणेश्वर का दबदबा तय !

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं, जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है।


इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है। नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज



दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है।

### भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत

युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन. श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे, जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी।



## खबर संक्षेप



### देश का विदेशी मुद्रा भंडार पहुंचा नए उच्चस्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था।

### टाटा स्टील का मुनाफा बढ़कर 2730 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** टाटा स्टील का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत मुनाफा कई गुना होकर 2,730.37 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 295.49 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 57,503.49 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 53,869.33 करोड़ रुपये थी।

### हिताची एनर्जी के मुनाफे में 90 फीसदी का उछाल




**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एचईआईएल) का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का शुद्ध मुनाफा 90 प्रतिशत से ज़्यादा बढ़कर 261.4 करोड़ रुपये हो गया। यह बढ़ोतरी अधिक राजस्व के कारण संभव हुई है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 137.4 करोड़ रुपये था। इस दौरान कंपनी का राजस्व बढ़कर 1,672.4 करोड़ रुपये से 2,168 करोड़ रुपये हो गया।

### एक्सिस बैंक ने रूफटॉप सोलर फाइनेंस की शुरुआत की

**रायपुर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने रूफटॉप सोलर फाइनेंस की शुरुआत की है। यह एक विशेष वित्तीय समाधान है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सौर ऊर्जा अपनाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के माध्यम से अपनी ऊर्जा लागत को अनुकूलित करने में सहायता करना है। इस योजना के तहत एमएसएमई 10 लाख से 2 करोड़ रुपए तक का बिना जमानत ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी चुकौती अवधि 4 से 7 वर्षों तक लचीली रखी गई है। यह संरचना एमएसएमई को अपने बैलेंस शीट या कार्यशील पूंजी चक्र पर दबाव डाले बिना रूफटॉप सोलर सिस्टम में निवेश करने की सुविधा देती है। एमएसएमई को स्वयं के स्वामित्व वाले रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने में सक्षम बनाकर, यह पेशकश उन्हें परिचालन खर्च कम करने, ऊर्जा लागत पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त करने और दीर्घकालिक वित्तीय मजबूती बनाने में मदद करती है, साथ ही भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन में योगदान भी देती है।

### सेल के चेयरमैन पद के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए। वर्तमान सीएमडी अमरेंदु प्रकाश का कार्यकाल दो अप्रैल, 2026 को समाप्त हो रहा है, जिस कारण यह शीर्ष पद खाली हो जाएगा। प्रकाश ने 31 मई, 2023 को सेल के चेयरमैन का पदभार संभाला था।

# स्टार्टअप के रूप में मान्यता का दायरा बढ़ा, अब 200 करोड़ की सीमा

**सरकार ने स्टार्टअप फर्म के रूप में मान्यता पाने किया मानदंड का विस्तार**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने स्टार्टअप फर्म के रूप में मान्यता पाने के मानदंडों का विस्तार करते हुए कारोबार की सीमा को दोगुना कर 200 करोड़ रुपये कर दिया है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की अधिसूचना के मुताबिक, अत्याधुनिक और नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली कंपनियों के लिए ''डीप टेक स्टार्टअप'' की एक नई श्रेणी भी शुरू की गई है। डीप टेक स्टार्टअप की श्रेणी में आने के लिए फर्म की आयु सीमा को गठन या पंजीकरण की तिथि से 10 वर्ष से बढ़ाकर

#### डीप टेक इकाइयों की जरूरतों का ध्यान रखा गया

अधिसूचना के मुताबिक, यह कदम उन डीप टेक इकाइयों की जरूरतों का ध्यान रखता है जो लंबी परिपक्वता अवधि, आरएंडडी की उच्च मात्रा और पूंजी-प्रधान विकास चक्रों वाले क्षेत्रों में काम कर रही हैं। सरकार ने कृषि एवं सहायक क्षेत्रों, ग्रामीण उद्योगों और समुदाय आधारित उद्यमों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सहकारी संस्थाओं को भी स्टार्टअप मान्यता के दायरे में शामिल किया है।




#### सहकारी समितियां भी स्टार्टअप के रूप में मान्यता पाने होंगी हकदार

इसके तहत बहु-राज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के तहत पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी समितियां और राज्यों एवं केंद्रशासित क्षेत्रों के सहकारी अधिनियमों के अंतर्गत पंजीकृत कुछ सहकारी समितियां स्टार्टअप के रूप में मान्यता पाने की हकदार होंगी।

#### कई कंपनियां कारोबार सीमा से बाहर हो जाती थी

नवाचार-आधारित कई कंपनियां अब भी विकास या परीक्षण के चरण में रहते हुए मौजूदा आयु या कारोबार सीमा से बाहर हो जाती थीं, जिससे उन्हें नीतिगत समर्थन नहीं मिल पाता था। यह निर्णय स्टार्टअप परिवेश से जुड़े विभिन्न हितधारकों और मंत्रालयों एवं विभागों के साथ व्यापक परामर्श के बाद लिया गया है।

#### नीतिगत समर्थन की जरूरत थी

विभाग ने कहा कि बदलते स्टार्टअप परिवेश और विभिन्न चरणों में लक्षित नीतिगत समर्थन की जरूरत को देखते हुए स्टार्टअप मान्यता के लिए कारोबार सीमा को 100 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये किया गया है। विभाग के अनुसार, पिछले एक दशक में भारत का स्टार्टअप परिवेश, खासकर डीप टेक, विनिर्माण और आरएंडडी आधारित क्षेत्रों में नवाचार की लंबी अवधि, अधिक पूंजी की जरूरत और विलंबित व्यवसायीकरण की ओर बढ़ा है।

## रियल एस्टेट उद्योग तथा विशेषज्ञों ने निकाला निष्कर्ष

# नीतिगत दर स्थिर रखने से मकान खरीदने वाले ग्राहकों को मिलेगा प्रोत्साहन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रियल एस्टेट उद्योग तथा विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि आरबीआई के नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने से ग्राहकों की मकान खरीदने और डेवलपर की नई परियोजना लाने की धारणा को बल मिलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा।

**घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई**

महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी।

**नई परियोजना लाने की धारणों को मिलेगा बल**

#### मकान खरीदने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के अध्यक्ष प्रवीण जैन ने कहा, '' घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं और वृद्धि का परिदृश्य सकारात्मक है। इस समय ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखना मकान खरीदने वालों को खरीदारी का फैसला लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इससे डेवलपर को भी ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए नई परियोजनाएं शुरू करने का प्रोत्साहन मिलेगा।''



#### बजट में छोटे शहरों को बढ़ावा

जैन ने कहा, '' ऐसे समय में, जब केंद्र सरकार ने आम बजट में पांच लाख या उससे अधिक आबादी वाले शहरों के विकास पर विशेष जोर दिया है, स्थिर ब्याज दरें छोटे व मझोले शहरों को उल्लेखनीय बढ़ावा दे सकती हैं। कुल मिलाकर यह फैसला रियल एस्टेट क्षेत्र और देश की अर्थव्यवस्था के लिए स्थिरता एवं सतत वृद्धि का बढ़ावा देने वाला है।''

#### रियल स्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक

\क्रेडाई (कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा कि रेपो दर को बरकरार रखने का फैसला वैश्विक मुद्रा की अस्थिरता और बॉन्ड प्रतिफल के दबाव के बीच नीतिगत स्थिरता प्रदान करता है। यह निरंतरता रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सकारात्मक है, जहां वित्तपोषण लागत को लेकर निश्चितता, मांग और निवेश धारणा को बनाए रखने के लिए आवश्यक है।''

#### रेपो दर को यथावत रखना संतुलित कदम : बैंक

उभरती वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों के बीच केंद्रीय बैंक का रेपा दर को यथावत और तटस्थ रुख को बरकरार रखने का फैसला संतुलित कदम को बताता है। साथ ही लघु उद्योगों को बढ़ावा देने, धोखाधड़ी से निपटने के लिए प्रस्ताव और शिकायत निवारण के लिए उपायों से ग्राहकों का भरोसा और सेवा गुणवत्ता में सुधार होगा। बैंक अधिकारियों ने शुक्रवार को यह कहा।

#### रेपो दर बरकरार रखी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की छठी और अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इंडियन ओवरसीज बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा,मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रखने और तटस्थ रुख को बरकरार रखना बदलते वैश्विक और घरेलू हालात में एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

#### ऋण प्रवाह बढ़ाने पर जोर

महंगाई के नियंत्रण में रहने से वृद्धि को समर्थन देने की पर्याप्त गुंजाइश बनी हुई है। उन्होंने कहा, ''भारत की वृद्धि के दृष्टिकोण में केंद्रीय बैंक का विश्वास घरेलू मांग की मजबूती और हाल के नीतिगत उपायों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

# स्वर्ण ऋण को लेकर कोई चिंता की बात नहीं: आरबीआई गवर्नर

**अन्य ऋणों की समीक्षा के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया**

एजेंसी ▶▶| मुंबई



सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि वह वित्तीय प्रणाली में कीमती धातु के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) को लेकर पूरी तरह सहज है और इसे लेकर कोई चिंता नहीं है।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण ऋण सहित कुछ अन्य ऋणों की समीक्षा की है और इस निष्कर्ष पर पहुंचा है। मल्होत्रा ने कहा, ''स्वर्ण ऋण को लेकर हम बहुत सहज हैं। इस परिसंपत्ति वर्ग को लेकर चिंता का कोई कारण नहीं है।''नवंबर 2025 तक के दो वर्षों में पूरी वित्तीय प्रणाली में कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया है, क्योंकि सोने की कीमतों में उछाल ने ऋणदाताओं को अधिक सहज बना दिया।

पिछले कुछ दिनों में इस जिंस की कीमतों में तेज गिरावट ने चिंताएं बढ़ा दी हैं, क्योंकि कर्जदार अपने दायित्वों को निभाने में चूक कर सकते हैं। मल्होत्रा ने कहा कि स्वर्ण ऋण क्षेत्र में ऋण-मूल्य (एलटीवी) अनुपात, जो सुरक्षा के बदले उधारकर्ताओं को दी जाने वाली राशि को दर्शाता है, पूरे उद्योग में निर्धारित मानदंडों से काफी कम है।

#### व्यक्तिगत ऋण की भी समीक्षा

गवर्नर ने कहा कि 85 प्रतिशत तक की सीमा के मुकाबले, वित्तपोषक एलटीवी अनुपात को बहुत छोटे स्तर पर रख रहे हैं, जिससे ऋण बही संबंधी चिंताओं को दूर करने में मदद मिली है। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि स्वर्ण ऋण के साथ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को दिए जाने वाले ऋण और व्यक्तिगत ऋण की भी समीक्षा की गई है।

**कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव बना रहा**

# मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक मजबूत



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और 'रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा।

कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिली।

निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही। आरबीआई ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। केंद्रीय बैंक की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में से आईटीसी में सर्वाधिक 5.09 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड और बजाज फिनसर्व के शेयर भी बढ़त में रहे।

#### एलआईसी में सात प्रतिशत से अधिक उछला

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी के शेयरों में शुक्रवार को सात प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। दिसंबर तिमाही के शुद्ध लाभ में 17 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने के बाद निवेशकों ने इसके शेयरों की खरीद पर खासा जोर दिया। बीएसई पर भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर 7.26 प्रतिशत उछलकर 901.50 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 7.97 प्रतिशत चढ़कर 907.50 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गया था। निफ्टी पर भी कंपनी के शेयर 7.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 901.85 रुपये पर बंद हुए। एक समय यह आठ प्रतिशत उछलकर 907.50 रुपये पर पहुंच गए थे।

# चांदी में 13,000 रुपए प्रति किलो की गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के लगातार दूसरे दिन मुनाफावसूली जारी रखने से चांदी लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के मुताबिक, चांदी 13,000 रुपये यानी 4.85 प्रतिशत टूटकर 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) रह गई। यह बृहस्पतिवार को 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) रह गया। इसका पिछला बंद भाव 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

**सोना 3,400 रुपए प्रति 10 ग्राम नरम**



सराफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू कीमतों में गिरावट मुख्य रूप से ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण हुई, जबकि वैश्विक कीमती धातुओं की दरों में दिन के उत्तरार्द्ध में उछाल आया।

#### हाजिर चांदी में बढ़त दर्ज

हाजिर चांदी 3.02 डॉलर यानी 4.26 प्रतिशत बढ़कर 74 डॉलर प्रति औंस हो गई। इसके पहले दिन में चांदी लगभग 10 प्रतिशत गिरकर 64.08 डॉलर प्रति औंस पर आ गई थी। इसके अलावा, सोना हाजिर 106.74 डॉलर यानी 2.23 प्रतिशत बढ़कर 4,887.30 डॉलर प्रति औंस हो गया। सत्र की शुरुआत में इसने 4,654.86 डॉलर प्रति औंस के निचले स्तर को छुआ था।

# तांबे की मांग 10 से 12 फीसदी बढ़ने का अनुमान : इक्रा

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने शुक्रवार को कहा कि देश में तांबे की घरेलू खपत अगले दो वर्षों में सालाना 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है जो चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में दर्ज 14-15 प्रतिशत वृद्धि से कम होगी।

■ घरेलू खपत अगले दो वर्षों में बढ़ सकती है

इक्रा ने कहा कि धातु की ऊंची कीमतों से निकट भविष्य में मांग पर असर पड़ेगा। भारत में शहरीकरण, बुनियादी ढांचा विकास और हरित ऊर्जा रूपांतरण के कारण तांबे का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''घरेलू स्तर पर तांबे की ऊंची कीमतों से निकट भविष्य में मांग में बढ़ोतरी पर असर पड़ने की आशंका है, भले ही मांग के मुख्य कारण मजबूत बने हुए हैं। इक्रा के मुताबिक, मध्यम अवधि में तांबे की मांग मुख्य रूप से ऊर्जा-बदलाव से जुड़े उपयोग, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा, पावर ग्रिड, डेटा सेंटर और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल हैं, से बढ़ने की उम्मीद है।

## बिजनेस साइट

# रेसिडेंशियल टाउनशिप 'आनंदम एलिगेंजा' का शुभारंभ आज

ANANDAM
Eleganza

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तेजी से विकसित हो रहे सोन्डोगरी-हीरापुर क्षेत्र में आनंदम वर्ल्ड सिटी, कचना के प्रतिष्ठित निर्माताओं द्वारा 'आनंदम एलिगेंजा' नामक एक आधुनिक रेसिडेंशियल टाउनशिप का शुभारंभ 7-8 फरवरी को किया जा रहा है। आनंदम वर्ल्ड सिटी के डायरेक्टर राकेश सरावगी ने जानकारी देते हुए बताया कि सोन्डोगरी-हीरापुर क्षेत्र उरला-सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया, ट्रांसपोर्ट नगर सहित आसपास के प्रमुख व्यापारिक और औद्योगिक हब से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। यहां सैकड़ों उद्योग, व्यापारिक संस्थान और बिज़नेस हाउसेस संचालित हैं, जहां प्रतिदिन हजारों प्रोफेशनल्स, व्यापारी और उद्योगपति कार्यरत रहते हैं। इसके बावजूद अब तक इस क्षेत्र में उनके लिए उपयुक्त, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त कोई प्रीमियम रिहायशी विकल्प उपलब्ध नहीं था। श्री सरावगी ने बताया कि यह क्षेत्र एम्स, एनआईटी, ट्रांसपोर्ट नगर, कोटा सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों से बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है। बावजूद इसके, यहां ऐसा कोई रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट नहीं था जो व्यवसायियों, इंडस्ट्रियल प्रोफेशनल्स और उच्च शिक्षा से जुड़े परिवारों की जीवनशैली के अनुरूप हो। 'आनंदम एलिगेंज़ा' को इसी सोच के साथ विकसित किया गया है, ताकि कार्यस्थल के पास शांत, सुव्यवस्थित और प्रीमियम जीवनशैली उपलब्ध कराई जा सके।

#### आधुनिक प्लानिंग और प्रीमियम सुविधाएं

'आनंदम एलिगेंजा' में विभिन्न साइज के विला प्लॉट्स के साथ चौड़ी सड़कें, हरियाली से भरपूर गार्डन, ओपन स्पेसेज, बच्चों के लिए प्ले एरिया, वॉकिंग ट्रैक और सुव्यवस्थित आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है। यह टाउनशिप विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयुक्त है जिनका व्यवसाय या कार्यक्षेत्र उरला-सिलतरा, ट्रांसपोर्ट नगर अथवा आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित है।

## भारत के करीब 130 अरब डॉलर बीमा बाजार पर नजर

# सौ फीसदी एफडीआई के बाद भारत पर कोरियाई बीमा कंपनियों की नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण कोरिया की प्रमुख बीमा कंपनियां भारत में कारोबार शुरू करने की संभावनाएं तलाश रही हैं। सूत्रों के अनुसार, सैमसंग फायर एंड मरीन इंश्योरेंस, मिराए एसेट फाइनेंशियल ग्रुप और हुंडई मरीन एंड फायर इंश्योरेंस भारत के करीब 130 अरब डॉलर के बीमा बाजार में प्रवेश को लेकर शुरुआती स्तर पर बातचीत कर रही हैं।

भारत द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति दिए जाने के बाद विदेशी कंपनियों की रुचि तेजी से बढ़ी है। इसके साथ ही, वित्तीय क्षेत्र में हाल के वर्षों में कई बड़े सीमा-पार सौदे हुए हैं, जिससे वैश्विक कंपनियों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

**पहली बार होगा भारत में कोरिआई बीमा कंपनियों का निवेश**

#### सीधे भारतीय बीमा सेक्टर में रखेगी कदम

अगर इन चर्चाओं से कोई समझौता होता है, तो यह पहली बार होगा जब दक्षिण कोरिया की बीमा कंपनियां सीधे तौर पर भारतीय बीमा सेक्टर में कदम रखेंगी। कोरियाई कंपनियां पहले से भारत में ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में मजबूत मौजूदगी रखती हैं। पिछले साल हुंडई मोटर्स और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने अपनी भारतीय इकाइयों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध भी कराया था।




#### नियामक और बाजार से बातचीत

सूत्रों के मुताबिक, हाल के महीनों में इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भारतीय बीमा कंपनियों, बाजार सलाहकारों और बीमा नियामक इरडा से मुलाकात की है। इन बैठकों का मकसद भारत में कारोबार शुरू करने के संभावित रास्तों जैसे जॉइंट वेंचर, अधिग्रहण या सीधे निवेश का आकलन करना है। फिलहाल कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं रखा गया है।

**किस सेगमेंट पर किसकी नजर**

सूत्र बताते हैं कि सैमसंग और हुंडई मरीन एंड फायर की दिलचस्पी नॉन-लाइफ इंश्योरेंस, यानी वाहन, हेल्थ और प्रॉपर्टी बीमा में है। वहीं, मिराए एसेट फाइनेंशियल ग्रुप लाइफ इंश्योरेंस, रिटायरमेंट और एन्युटी प्रोडक्ट्स पर फोकस कर रहा है। मिराए एसेट पहले से भारत में म्यूचुअल फंड कारोबार में मौजूद है।

#### सुधारों से बदलेगी तस्वीर?

नए कानून के तहत प्रस्तावित सुधारों से नियामक को ज्यादा अधिकार मिलेंगे, जिससे सेक्टर में पारदर्शिता और स्थिरता बढ़ने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन्हीं बदलावों के चलते विदेशी कंपनियां भारत को लंबे समय के निवेश के रूप में देख रही हैं।

# अनलिमिटेड एडवेंचर अनलिमिटेड फन

## AmuseORama

*Parivar Ka One-Stop, Entertainment Non-Stop*

**WATER PARK | AMUSEMENT PARK | GO- KARTING | FOOD COURT**



**भव्य उद्घाटन समारोह**
(सिर्फ आमंत्रित अतिथियों के लिए)

मुख्य अतिथि
**श्री विष्णु देव साय जी**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

विशिष्ट अतिथि

**श्री अरुण साव जी**
मान. उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री विजय शर्मा जी**
मान. उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री ओपी चौधरी जी**
मान. वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री बृजमोहन अग्रवाल जी**
मान. सांसद, रायपुर

**श्री राजेश मूणत जी**
मान. विधायक, रायपुर पश्चिम

विशेष अतिथि

**श्री किरण सिहं देव जी**
अध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़

**श्री फग्गन सिंग कुलस्ते जी**
सांसद, मंडला (म.प्र.)

**श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी**
केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री टंकराम वर्मा जी**
केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**गुरू खुशवंत साहेब जी**
केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री नंद कुमार साहू जी**
अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण

**श्रीमती मीनल चौबे जी**
महापौर, रायपुर नगर निगम

**श्री सुनील सोनी जी**
विधायक, रायपुर दक्षिण

**श्री पुरंदर मिश्रा जी**
विधायक, रायपुर पूर्व

**श्री मोतीलाल साहू जी**
विधायक, रायपुर ग्रामीण

**श्री राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव जी**
वरिष्ठ प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

**श्री बृजलाल गोयल जी**
अध्यक्ष, श्रीराम मंदिर, रायपुर





## सेन्ट्रल इंडिया का सबसे बड़ा वॉटर एवं एम्यूज़मेंट पार्क

**वॉटर पार्क आकर्षण**
- 10 रोमांचक वॉटर स्लाइड्स (1500+ दर्शकों की क्षमता)
- वेव पूल • लेज़ी रिवर
- ओलंपिक साइज़ का इंटरनेशनल स्विमिंग पूल

**एम्यूज़मेंट पार्क की राइड्स**
- ड्रॉप टावर
- पायरेट शिप
- ग्लास ब्रिज
- गो-कार्टिंग ट्रैक

**प्योर वेज फूड कोर्ट**

इंद्रप्रस्थ, सरोना, रायपुर । समय सुबह 10:30 से रात्रि 7:30 । 8717821000

MAHESHWARI

## सभी के लिए पार्क का शुभारंभ - 8 फरवरी से




# दिल टूटा है तो कॉकरोच गोद लीजिए, वैलेंटाइन डे पर एक्स से बदला लेने का अनोखा तरीका हुआ वायरल!

**वारसॉ।** पोलैंड के एक चिड़ियाघर का किस्सा इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में है। जो लोगों को मौका देता है कि वे अपने एक्स के नाम पर एक कॉकरोच का नाम रखें और फिर अपने उससे रिवेंज लें। वैलेंटाइन डे का नाम आते ही प्यार, रोमांस और कपल्स की तस्वीरें सामने आ जाती हैं। लेकिन, हर साल इस दिन ऐसे लोग भी होते हैं जिनके दिल हाल ही में टूटे होते हैं और जो इस खास दिन को अकेले बिताने वाले होते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से हैं, तो यह खबर आपके चेहरे पर मुस्कान जरूर ला सकती है। दरअसल, पोलैंड के एक चिड़ियाघर ने टूटे दिल वालों के लिए वैलेंटाइन डे को थोड़ा अलग और मज़ेदार बनाने का तरीका निकाला है। यहां लोग अपने एक्स पार्टनर के नाम पर एक कॉकरोच को गोद ले सकते हैं और फिर उसे मीरकैट जैसे जानवरों को खिलाकर दिल की भड़ास निकाल सकते हैं।

### वीआईपी पैकेज को लेकर एक्साइटमेंट

जो लोग अपने रिवेंज को एक कदम आगे ले जाना चाहते हैं, उनके लिए जू ने 150 ज़्लॉटी, यानी लगभग 3,870 रुपए का पैकेज भी रखा है। इस पैकेज में डिजिटल सर्टिफिकेट के साथ-साथ उस कॉकरोच के अंतिम सफर की फोटो भी शामिल होती है, जब उसे मीरकैट को खिलाया जाता है।यह विकल्प खास तौर पर उन लोगों के लिए है जो इस अनुभव को यादगार बनाना चाहते हैं। वहीं, सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट वीआईपी पैकेज को लेकर है। इस पैकेज की कीमत करीब 300 ज़्लॉटी, यानी लगभग 7,740 रुपए है। इसमें जू की निगरानी में व्यक्ति खुद उस कॉकरोच को मीरकैट को खिला सकता है।



### ओरिएंटेरियम ज़ू ने शुरू की थी यह खास पहल

यह खास पहल पोलैंड के ओरिएंटेरियम ज़ू ने शुरू की थी। पहली बार इस कैंपेन को साल 2023 में लॉन्च किया गया था। उस वक्त ज़ू ने लोगों को यह मौका दिया कि वे मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच, जो आकार में काफी बड़े होते हैं, उन्हें अपने एक्स के नाम पर गोद लें। इसके बाद उसी कॉकरोच को ज़ू में मौजूद मीरकैट को खिलाया जाता है। लोगों को यह कॉन्सेप्ट इतना मज़ेदार लगा कि इस साल वैलेंटाइन डे के मौके पर इसे दोबारा शुरू कर दिया गया है।

**पोलैंड तक सीमित नहीं है यह ट्रेंड सिर्फ** : यह ट्रेंड सिर्फ पोलैंड तक सीमित नहीं है। अमेरिका का मशहूर ब्रॉन्क्स ज़ू भी वैलेंटाइन डे पर इसी तरह की पेशकश करता है। वहां भी लोग अपने खास व्यक्ति या फिर अपने एक्स के नाम पर मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच का नाम रख सकते हैं। ब्रॉन्क्स ज़ू ने इस पहल को मज़ाकिया अंदाज़ में प्रमोट करते हुए कहा कि नर कॉकरोच अपने साथी के लिए आपस में लड़ते हैं और जो जीतता है, वही दिल जीत लेता है।

### क्या करवाएगा आखिर चिड़ियाघर

जब दुनिया भर में लोग वैलेंटाइन डे पर फूल, चॉकलेट और गिफ्ट्स की प्लानिंग कर रहे होते हैं, उसी समय यह ज़ू उन लोगों के लिए एक अलग तरह का विकल्प लेकर आया है, जो अपने पिछले रिश्ते की यादों से थोड़ी राहत पाना चाहते हैं। खास बात यह है कि यह सिर्फ बदला लेने का तरीका नहीं है, बल्कि इसके जरिए जानवरों की देखभाल के लिए चिड़ियाघर को आर्थिक मदद भी मिलती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस कैंपेन के तहत अलग-अलग पैकेज उपलब्ध हैं। अगर कोई व्यक्ति करीब 50 ज़्लॉटी, यानी लगभग 1,290 रुपए खर्च करता है, तो वह एक मेडागास्कर हिसिंग कॉकरोच को अपने एक्स के नाम पर गोद ले सकता है। इसके बदले उसे एक डिजिटल सर्टिफिकेट दिया जाता है, जो इस बात की पुष्टि करता है कि कॉकरोच का नामकरण हो चुका है।

# नीली नहीं, कभी बैंगनी थी धरती! वैज्ञानिकों का चौंकाने वाला दावा

**वॉशिंगटन।** धरती का रंग, जीवन की परिभाषा और एलियन की कल्पना, सब कुछ हमारी सोच से कहीं ज्यादा अलग हो सकता है। शायद भविष्य में जब हम किसी दूसरे ग्रह को देखें, तो वहां की बैंगनी झलक हमें जीवन का नया संकेत दे। जब 1990 में वॉयेजर-1 ने सौरमंडल से बाहर जाते हुए आखिरी बार पृथ्वी की तस्वीर ली, तो वह एक छोटा सा 'पेल ब्लू डॉट' नजर आई। लेकिन, वैज्ञानिकों का मानना है कि आज जो धरती नीली दिखती है, वह हमेशा ऐसी नहीं थी। करीब 2.4 अरब साल पहले, पृथ्वी का रंग नीला नहीं, बल्कि बैंगनी (पर्पल) हो सकता था। यह दावा बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना नाम की वैज्ञानिक थ्योरी पर आधारित है, जो न सिर्फ धरती के अतीत बल्कि भविष्य में जीवन की खोज के लिए भी अहम मानी जा रही है।



### क्या है बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना?

बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना के अनुसार, पृथ्वी पर शुरुआती जीवन हरे पौधों पर आधारित नहीं था। आज ज्यादातर जीव क्लोरोफिल नामक पिगमेंट से प्रकाश संश्लेषण करते हैं, जिसकी वजह से पृथ्वी अंतरिक्ष से हरी-नीली दिखाई देती है। लेकिन, वैज्ञानिकों का कहना है कि शुरुआती जीवन ने रेटिनल नामक अणु का इस्तेमाल किया, जो क्लोरोफिल से भी पहले विकसित हुआ हो सकता है। रेटिनल हरे और पीले प्रकाश को अवशोषित करता है, जबकि लाल और नीले प्रकाश को परावर्तित करता है, जिससे धरती बैंगनी रंग की दिखाई देती। इस थ्योरी को यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के प्रोफेसर शिलादित्य दास शर्मा और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड के खगोल-जैव वैज्ञानिक डॉ. एडवर्ड श्वीटरमैन ने प्रस्तावित किया।

### धरती पर कैसे आया ऑक्सीजन का युग?

नासा की एक रिपोर्ट के अनुसार, पृथ्वी के शुरुआती दो अरब वर्षों में वातावरण में ऑक्सीजन लगभग नहीं थी। उस समय वायुमंडल में मुख्य रूप से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन मौजूद थीं। करीब 2.4 अरब साल पहले एक बड़ा बदलाव आया, जिसे महान ऑक्सीकरण घटना कहा जाता है। इस घटना के बाद ऑक्सीजन का स्तर बढ़ा और धीरे-धीरे क्लोरोफिल आधारित जीवन विकसित हुआ, जिससे धरती का रंग बदलकर आज जैसा नीला-हरा हो गया। प्राचीन अवसादों में मिले आर्कियल मेम्ब्रेन के अवशेष इस बात का समर्थन करते हैं कि शुरुआती जीवन रेटिनल-आधारित था।

### भविष्य और एलियन जीवन के लिए क्यों अहम है यह थ्योरी?

बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना सिर्फ अतीत की कहानी नहीं है। इसका सबसे बड़ा महत्व ब्रह्मांड में जीवन की खोज से जुड़ा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर जीवन हमेशा क्लोरोफिल पर आधारित नहीं होता, तो दूसरे ग्रहों पर भी जीवन हरे रंग का ही हो- यह ज़रूरी नहीं। संभव है कि अन्य ग्रहों पर बैंगनी या अलग रंग के जीवन रूप मौजूद हों। प्रोफेसर दास शर्मा के अनुसार, 'रेटिनल-आधारित फोटोट्रॉफिक मेटाबॉलिज़्म आज भी समुद्रों में मौजूद है और पृथ्वी की सबसे अहम जैव-ऊर्जा प्रक्रियाओं में से एक है।' बैंगनी पृथ्वी परिकल्पना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि जो हम आज देखते हैं, वही हमेशा सच नहीं रहा। धरती का रंग, जीवन की परिभाषा और एलियन की कल्पना, सब कुछ हमारी सोच से कहीं ज्यादा अलग हो सकता है। शायद भविष्य में जब हम किसी दूसरे ग्रह को देखें, तो वहां की बैंगनी झलक हमें जीवन का नया संकेत दे।

# अंटार्कटिका ग्लेशियर के नीचे धधक रही है आग 207 ज्वालामुखियों की खोज से मचा हड़कंप

**बीजिंग।** चीन के वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिक की मोटी बर्फ के नीचे छिपे 207 ज्वालामुखियों का पता लगाया है। यह एक बड़ी खोज है, क्योंकि इससे यह समझने में मदद मिलेगी कि इन ज्वालामुखियों की गर्मी बर्फ को कितना पिघला रही है जिससे दुनिया भर में समुद्र का जलस्तर बढ़ सकता है। चीनी वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका की मोटी बर्फ के नीचे कुछ पता लगाया है। चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने बर्फ के नीचे दबे 207 ज्वालामुखियों की एक लिस्ट तैयार की है। 3 फरवरी को जारी हुई यह जानकारी दुनिया में अपनी तरह की पहली डिजिटल लिस्ट है जो बर्फ के नीचे छिपे इन ज्वालामुखियों का पूरा कच्चा-चिट्ठा बताती है। इससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि बर्फ के नीचे छिपे ये पहाड़ किस आकार के हैं और वे कहां-कहां फैले हुए हैं।अब तक वैज्ञानिकों के पास इनके बारे में इतनी सटीक जानकारी नहीं थी।







### घने जंगलों के आर-पार देख रहा है यह सैटेलाइट पहली तस्वीरों ने वैज्ञानिकों के उड़ाए होश

**वॉशिंगटन।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ऐसा सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा है जो पर्यावरण की निगरानी के तरीके को पूरी तरह बदल देगा। इसे बायोमास उपग्रह नाम दिया गया है। हाल ही में इसने अपनी पहली रंगीन तस्वीरें भेजी हैं जो वैज्ञानिकों के लिए किसी बेशकीमती तोहफे से कम नहीं हैं। ये तस्वीरें दिखाती हैं कि हमारी धरती पर जंगलों और गीली जमीनों में कितना कार्बन जमा है। आसान शब्दों में कहें तो यह सैटेलाइट अंतरिक्ष से धरती की कार्बन तिजोरी पर नजर रख रहा है।

**क्या है इन तस्वीरों का मतलब :** इस सैटेलाइट ने दक्षिण अमेरिका के बोलीविया में बहने वाली बेनी नदी की अद्भुत तस्वीरें ली हैं। इन तस्वीरों में फॉल्स कलर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com